


दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा  वर्ष-31 अंक-187  नर्मदापुरम (होशंगाबाद) रविवार 31 अगस्त 2025  पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये  सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## ग्वालियर पर्यटन कॉन्क्लेव में मिले साढ़े तीन हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

*75 करोड़ से अधिक के विरासत कार्यों का हुआ शिलान्यास, शिल्पकारों के लिए वेबसाइट और ग्वालियर किले की कार्ययोजना का हुआ विमोचन*







भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पर्यटन किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती में बड़ी अहम भूमिका निभाता है। पर्यटन से राष्ट्रीय आय तो बढ़ती ही है, साथ ही बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित होते हैं। पर्यटन और तीर्थाटन, ये हमारे देश और विशेषकर मध्यप्रदेश की समृद्धि के प्रमुख प्रवेश द्वार हैं। मध्यप्रदेश, देश का दिल है। प्रदेश की वैश्विक पहचान को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए ही पर्यटन विकास को विशेष महत्व दिया जा रहा है। राज्य सरकार समावेशी प्रयासों के जरिए समाज के सभी वर्गों को जोड़कर पर्यटन क्षेत्र के विस्तार और संवर्धन के लिए लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर पर्यटन कॉन्क्लेव में साडे तीन हजार करोड के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। पर्यटन क्षेत्र में निवेश को बढावा देने के लिए 6 निवेशकों को लैटर ऑफ अलॉटमेंट प्रदाय किये गये, इससे 60 करोड से अधिक का निवेश और बडी संख्या में रोजगार सृजन होगा।मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को ग्वालियर के राजमाता विजया राजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कान्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहरें विश्व स्तर पर आकर्षण का केंद्र हैं। इनके संरक्षण और प्रचार-प्रसार से प्रदेश न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि 'आत्मनिर्भर, विकसित और समृद्ध भारत' के लक्ष्य को भी मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में आज राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस मनाया जा रहा है। इस शुभ अवसर पर ग्वालियर में पहली बार रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव हो रहा है। ग्वालियर देश की राजधानी के करीब का क्षेत्र है। यहां राजा मानसिंह तोमर के काल में बना ऐतिहासिक किला दुनिया में पहचान रखता है। इसकी स्थापत्य कला अद्भुत है। बड़े-बड़े सत्ताधीशों को बुरे समय में इसी किले में बंदी बनाकर रखा गया। इस कठिन दौर में ग्वालियर में एक आध्यात्मिक आत्मा का प्रकटीकरण हुआ। मुरैना के मितावली के चौंसठ योगिनी मंदिर के डिजाइन के आधार पर वर्ष 1912 में दिल्ली में संसद भवन का निर्माण हुआ। यह दुनिया भर में लोकतंत्र का सबसे आकर्षक भवन है। अब नए संसद भवन को विदिशा के मंदिर के डिजाइन पर बनाकर तैयार किया गया है। इसमें बना डोम सांची स्तूप की कॉपी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जो पहली बार चीता देखते हैं, वो आश्चर्यचकित हो जाते हैं। चीता गांवों में घूमते नजर आते हैं। प्रदेश में मनुष्य और वन्य प्राणियों के बीच सह अस्तित्व और साहचर्य भाव नजर आता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर संगीत सम्राट तानसेन और बैजू बावरा की विरासत है।




### निवेशकों को लैटर ऑफ अलॉटमेंट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉन्क्लेव के दौरान पर्यटन क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए 7 भूमियों के लिए 6 निवेशकों को लैटर ऑफ अलॉटमेंट (LOA) प्रदान किए। प्रदेश में इससे सीधे तौर पर 60 करोड़ रूपये से अधिक का निवेश और प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के असंख्य अवसर पैदा होंगे। इन भूमियों पर होटल, रिसॉर्ट और ईको टूरिज्म यूनिट आदि का निर्माण किया जाएगा। अरूण तिवारी को 40 कक्षों के साथ ईको टूरिज्म एक्टिविटी के लिये गांधी सागर मंदसौर और हेमाबर्डी धार में, यश जैन को 20 कक्षों का रिसॉर्ट बनाने रहीपुरा बुराहनपुर में, श्रीमती स्मृति मुकुल थोराट, मेसर्स श्री साईं वेयर हाउस एण्ड एग्रो सर्विस को 20 कक्षों का रिसॉर्ट बनाने बिजाना शाजापुर में, अमित उपाध्याय को 25 कक्षों का होटल/ रिसॉर्ट बनाने के लिये कागपुर विदिशा में, संजय पाव को 22 कक्षों के साथ ईको टूरिज्म एक्टिविटीज के लिये गांधी सागर मंदसौर में और विकास नेमा/प्रवीण नायक मेसर्स ए.एन. एसोसिएट्स को 30 कक्षों का रिसॉर्ट बनाने के लिए लैटर ऑफ अलॉटमेंट प्रदान किया गया।

## जम्मू कश्मीर में बादल फटने से 5 और भूस्खलन से एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत



जम्मू(ए)। जम्मू कश्मीर में शनिवार भारी बारिश और भूस्खलन से कुल 10 लोगों की मौत हो गई। रामबन में बादल फटने से 5 की मौत हुई है। इसी तरह रियासी में हुए भूस्खलन से एक मकान ढह गया जिसमें एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। महोर क्षेत्र के एक घर पर अचानक भूस्खलन हुआ जिससे मकान ढह गया और पूरा परिवार मलबे में दब गया। अधिकारियों के अनुसार, परिवार के सातों सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। शवों को मलबे से निकालने में तीन से चार घंटे लग गए।महोर के एसडीपीओ वकार यूनुस ने बताया कि घटना तड़के करीब 3 बजे हुई। बादल फटने से तेज बारिश और मलबे का बहाव हुआ, जिसके चलते घर धराशायी हो गया। उन्होंने कहा, पूरा परिवार मलबे में दब गया था। बचाव अभियान के बाद सुबह सभी शव बरामद कर लिए गए। जम्मू-कश्मीर में रामबन जिले के एक सुदूर गांव में बादल फटने से 5 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित पर्वतीय क्षेत्र राजगढ़ में शनिवार सुबह बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई। अधिकारियों ने बताया कि बचावकर्मियों को दो महिलाओं समेत तीन लोगों के शव मिले हैं।

### जम्मू जोन में 46 ट्रेन रद्द

उत्तर रेलवे ने 30 अगस्त को जम्मू, कटरा और उधमपुर रेलवे स्टेशनों से आने-जाने वाली 46 ट्रेन को रद्द करने की शुक्रवार को घोषणा की। मंगलवार को जम्मू क्षेत्र में भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ के बाद पिछले चार दिन से रेल यातायात स्थगित है। एक अधिकारी ने बताया कि जम्मू में कई स्थानों पर रेल लाइन के टूटने के कारण कठुआ और उधमपुर के बीच रेल यातायात स्थगित कर दिया गया है तथा ट्रेनें रद्द की जा रही हैं। इससे पहले, उत्तर रेलवे ने जम्मू, कटरा और उधमपुर रेलवे स्टेशनों से आने-जाने वाली 40 ट्रेनों को 29 अगस्त को रद्द करने की घोषणा की थी।

### ममता बनर्जी का बड़ा दांव

## विशेष सत्र में बीजेपी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव, एसआईआर पर भी केंद्र को घेरने की रणनीति

कोलकाता (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव की बिसात बिछनी शुरू हो गई है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (TMC) और भारतीय जनता पार्टी (BJP) के बीच राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। इसी कड़ी में, ममता बनर्जी सरकार 1 से 4 सितंबर तक विधानसभा का एक विशेष सत्र बुला रही है, जिसमें भाजपा शासित राज्यों में बंगालियों के साथ कथित अत्याचार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव (Censure Motion) लाने की तैयारी है। इसके साथ ही, चुनाव आयोग द्वारा बिहार में कराए गए विशेष गहन पुनरीक्षण (Special Intensive Revision – SIR) के खिलाफ भी विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया जा सकता है, जिसे लेकर राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष लामबंद है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लगातार यह मुद्दा उठाती रही हैं कि राजस्थान से लेकर ओडिशा तक, जहां भी भाजपा की सरकारें हैं, वहां बंगाल के लोगों पर अत्याचार हो रहे हैं।



मराठा आरक्षण की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे कार्यकर्ता मनोज जारंगे पाटिल के समर्थक मुंबई में उनके आंदोलन में शामिल होने के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के बाहर एकत्र हुए।

## जब राहुल गांधी ने 'मुर्दाबाद' के नारे लगा रहे BJP कार्यकर्ता को दी टॉफी, भोजपुर में दिखा राजनीति का अनूठा रंग

भोजपुर (ए)। राजनीति के अखाड़े में जहां अक्सर तीखी बयानबाजी और विरोध प्रदर्शन ही सुर्खियां बटोरते हैं, वहीं शनिवार को बिहार के भोजपुर जिले में एक ऐसा दृश्य देखने को मिला जिसने सबको हैरान कर दिया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान जब भाजपा के युवा कार्यकर्ता उन्हें काले झंडे दिखाकर 'मुर्दाबाद' के नारे लगा रहे थे, तब राहुल ने कुछ ऐसा किया जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। उन्होंने प्रदर्शन कर रहे एक युवा को अपने पास बुलाया और मुस्कुराते हुए उसे एक टॉफी थमा दी।यह वाकया उस समय हुआ जब राहुल गांधी का काफिला आरा शहर से गुजर रहा था। उनकी इस यात्रा में इंडिया गठबंधन की एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए आरजेडी नेता तेजस्वी यादव, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य और वीआईपी के मुकेश सहनी भी शामिल थे। काफिले के आगे बढ़ते ही अचानक कुछ भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सामने आ गए और काले झंडों के साथ राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।सुरक्षाकर्मी जब प्रदर्शनकारियों को हटाने की कोशिश कर रहे थे, तभी राहुल गांधी की नजर पूरी ताकत से नारा लगा रहे एक युवा पर पड़ी। उन्होंने अपनी गाड़ी रुकवाई और उस कार्यकर्ता को इशारे से अपने पास बुलाया। दोनों के बीच कुछ क्षणों के लिए बातचीत हुई। इसके बाद राहुल गांधी ने अपनी जेब से एक टॉफी निकाली और उस युवा के हाथ में रख दी।राहुल गांधी का यह अप्रत्याशित कदम देखकर वहां मौजूद हर कोई स्तब्ध रह गया। एक पल पहले जो युवा विरोध की आग में तप रहा था, वह अपने हाथ में टॉफी लिए अवाक खड़ा था। इस एक टॉफी की मिठास ने मानो राजनीतिक विरोध की सारी कड़वाहट को भुला दिया। यह घटना तुरंत ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और चर्चा का विषय बन गई।







## मंडी में बादल फटने से कई गाड़ियां बहीं, चंडीगढ़-मनाली फोरलेन फिर बंद, शिमला में लैंडस्लाइड से कई घर तबाह

नई दिल्ली, (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश में मंडी के गोहर की नांडी पंचायत में बादल फटने के बाद नसेंणी नाला में कई गाड़ियां बाढ़ में बह गईं। वहीं, शिमला जिला के रामपुर में लैंडस्लाइड से 5 घर क्षतिग्रस्त हो गए। इसमें दो व्यक्ति भी घायल हो गए। प्रदेश में अगले दो दिनों तक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

शिमला के जतोग कैंट में लैंडस्लाइड से सेना के रिहायशी मकान को खतरा पैदा हो गया। इसे रात में ही खाली करवाकर 4 परिवार सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किए गए। वहीं, चंडीगढ़-शिमला हाईवे पर शोघी के समीप पहाड़ी से पत्थर गिरने से एक गाड़ी इसकी चपेट में आ गई। गाड़ी को काफी नुकसान हुआ है। शिमला के रामपुर के बधाल में फ्लैश फ्लड से 3 से ज्यादा घरों में मलबा आ गया। कांगड़ा, कुल्लू और सिरमौर जिले के स्कूलों और कॉलेजों में आज छुट्टी घोषित की गई है। चंडीगढ़-मनाली फोरलेन पर आज फिर हनोगी के पास भारी लैंडस्लाइड हो गया।

## इंदौर में बारिश से सड़कें डूबीं-घरों में भरा पानी, बड़वानी में गांव जलमग्न



भोपाल, (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में दो मानसूनी ट्रफ और एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की एक्टिविटी की वजह से एक बार फिर तेज बारिश का दौर शुरू हो गया है। शनिवार को प्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई। इंदौर जिले में तेज बारिश के बाद सडकों पर करीब 2 फीट से ज्यादा पानी भर गया। रोबोट चौराहे के पास निचले इलाकों और घरों में भी पानी घुस गया। यशवंत सागर डैम का एक गेट खोला गया है। जबकि बड़वानी में राजघाट गांव सरदार सरोवर बांध के बैकवाटर से जलमग्न हो गया। खरगोन में भी 24 घंटे में 6 इंच पानी गिरा है।शनिवार को प्रदेश के अन्य जिलों में भी बारिश की गतिविधियां देखी गई है। नर्मदापुरम में भी रुक-रुककर बारिश जारी है। तवा डैम 94 प्रतिशत तक भर चुका है। शनिवार सुबह डैम के 3 गेट खोले गए हैं। सभी गेटों को 3-3 फीट तक खोलकर करीब 15 हजार क्यूसेक पानी नदी में छोड़ा जा रहा है। वर्तमान में डैम का जलस्तर 1164 फीट पर दर्ज किया गया है।इंदौर में दोपहर को तेज बारिश हुई। कुछ ही देर की बारिश के बाद कई सडकों में जलभराव हो गया। रोबोट चौराहे के पास निचले इलाकों और घरों में पानी भर गया। हरदा में तेज बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में नदी-नाले उफान पर आ गए हैं।


## जिला कांग्रेस कार्यालय का लोकार्पण प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री पटवारी द्वारा किया जायेगा : जिला कांग्रेस अध्यक्ष पाडेय

नर्मदापुरम/इटारसी (निप्र)। जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय का लोकार्पण कुछ दिनों बाद इटारसी में होने जा रहा है। कार्यालय का निर्माण विश्वनाथ टाकीज क्षेत्र में किया गया है।कार्यालय का निर्माण पूर्ण हो चुका है।जिला कांग्रेस कार्यालय का लोकार्पण प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के हाथ होगा।जिला कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने जानकारी देते हुये बताया कि इटारसी में जिला कांग्रेस कार्यालय शुरू किया जा रहा है। विश्वनाथ टाकीज क्षेत्र में कार्यालय बनाया गया है।जिसका कार्य पूर्ण हो चुका है।कार्यालय का उद्घाटन लोकार्पण कार्यक्रम 1 सितंबर से 10 सितंबर के बीच किया जाना है।प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ,पूर्व विधायक संजय शर्मा एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मानक अग्रवाल द्वारा किया जायेगा।प्रदेश अध्यक्ष से तारीख मिलने के बाद कार्यालय के उदघाट्न की तारीख तय की जायेगी। इसी के साथ ही उदघाट्न के दिन वोट चोर गद्दी छोड यात्रा भी आयोजित होगी। जिसको लेकर भी तैयारियां की जा रही है।वोट चोर गद्दी छोड यात्रा में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी शामिल होंगे।कलेक्टर सोनिया मीना को यात्रा के बाद ज्ञापन भी सौपा जायेगा।



# स्वदेशी उत्पादों का उपयोग है सच्ची राष्ट्रसेवा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने किया स्वदेशी से स्वावलंबन विषय पर राज्य स्तरीय संगोष्ठी का शुभारंभ



भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री एवं जनअभियान परिषद के अध्यक्ष डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वदेशी वस्तुएं केवल उत्पाद ही नहीं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय अस्मिता, धरोहर और हमारे मान-सम्मान का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया वोकल फॉर लोकल अभियान भारतीयता की इसी भावना को आगे बढ़ाने का माध्यम है। हमारे देशी उत्पाद न केवल विदेशी उत्पादों से अधिक मजबूत, किफायती और गुणवत्तायुक्त हैं, बल्कि इन्हें खरीदने पर हमें अधिकतम लाभ भी मिला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से आत्मीय आह्वान किया कि हर भारतीय नागरिक को न केवल स्वयं स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करना चाहिए, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। यही देश प्रेम हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा। स्वदेशी भावना ही सच्ची राष्ट्रसेवा का सहज मार्ग है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में जनअभियान परिषद और स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में स्वदेशी से स्वावलंबन विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि कर इस एक दिवसीय संगोष्ठी का विधिवत् शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनअभियान परिषद द्वारा स्वदेशी अभियान के लिए तैयार किए गए पोस्टर एवं ब्रोशर का भी विमोचन किया। इस ब्रोशर में स्वदेशी वस्तुओं की सूची दी गई है। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद और स्वदेशी जागरण मंच के मध्य स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार की जनजागृति के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में इस एमओयू का दोनों संगठनों द्वारा परस्पर आदान-प्रदान भी किया गया। कार्यक्रम का आरंभ वंदे मातरम् गायन के साथ हुआ। आरंभ में आयोजकों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव का तुलसी का पौधा भेंटकर स्वागत किया गया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के निर्माण की दिशा में विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का अधिकाधिक उपयोग ही देश के प्रति प्रेम और सच्ची राष्ट्र सेवा है। हम सभी को अपने जीवन में देशी उत्पादों का उपयोग बढ़ाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्वदेशी भाव से सदैव जुड़े रहने के संकल्प के तहत कार्यक्रम में उपस्थित सभी को स्वदेशी उत्पादों का ही उपयोग करने की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लघु उद्योगों से ही हमारी अर्थव्यवस्था कायम है। भारतीय वस्तुओं और भारतीय तकनीक की विश्व में धूम मची है।

# खाद्य प्रतिष्ठानों पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग की छापेमार कार्यवाही



भोपाल(ए.)। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने खाद्य सुरक्षा विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को मिलावटी एवं दूषित खाद्य पदार्थों पर त्वारित कार्यवाही के निर्देश दिए गए । शनिवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा आहुजा बेकरी की शिकायत प्राप्त होने पर न्यू मार्केट भोपाल स्थित बेकरी का कारखाना एवं दुकान पर पहुंच कर कारखाने में बन रहे केक अलग-अलग फ्लेवर एवं केक निर्माण में उपयोग हो रहे रॉ खाद्य पदार्थ का संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान मौके पर निर्माण स्थल में गंदगी के बीच केक का निर्माण कर दुकान पर विक्रय हेतु प्रदर्शित पाया गया है।मौके पर तत्काल कार्यवाही करते हुए चॉकलेट फ्लेवर एवं रॉ खाद्य पदार्थ का नमूना जांच हेतु लिया एवं राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल जांच के लिए संग्रहित किये एवं मौके पर बेकरी निर्माण में लगे कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण, पेस्ट कंट्रोल प्रमाण पत्र एवं साफ सफाई एवं रख-रखाव कारखाने के मालिक नितिन आहुजा को खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अंतर्गत धारा 32 का नोटिस जारी किया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम सतत, रेस्टोरेंटों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों में नमूना एवं निरीक्षण कार्रवाई जारी हैं।

## स्कूल संचालक के घर चोरी करने वाली महिलाओं का सीसीटीवी फुटेज आया सामने

भोपाल।(आरएनएस)। गौतम नगर में साढ़े चार लाख की नकदी सहित तीस लाख रुपए के जेवरात चोरी करने वाली महिलाओं के सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं। महिलाओं ने शुक्रवार सुबह स्कूल संचालक के घर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी महिलाओं की गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है।पुलिस की जांच में साफ हुआ कि फरियादी ने बिना किसी वैरिफिकेशन के महिलाओं को घर के काम के लिए रख लिया था। नौकरी मिलने के महज दो दिन बाद ही आरोपी महिलाओं ने चोरी की इस वारदात को अंजाम दिया। फुटेज के आधार पर पुलिस उनकी तलाश कर रही है।फरियादी राजकुमार शिवनानी (45), निवासी संत कुवर राम कॉलोनी डीआईजी बंगला में रहते हैं। टीला जमालपुरा इलाके में वे सनशाइन पब्लिक स्कूल का संचालन करते हैं। इसी स्कूल में उनकी पत्नी प्रिंसिपल हैं। उन्होंने दो दिन पहले बुधवार को ही नीलम और पूनम नाम की दो महिलाओं को घरेलू काम के लिए रखा था।शुक्रवार सुबह राजकुमार स्कूल चले गए थे, उस समय घर पर उनकी 85 वर्षीय मां अकेली थीं। इसी दौरान एक नौकरानी ने बुजुर्ग महिला को बातचीत में उलझाए रखा, जबकि दूसरी नौकरानी ने अलमारी में रखे पांच लाख रुपए नकद और करीब 30 लाख रुपए के सोने के जेवरात निकाल लिए।वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों मौका पाकर घर से फरार हो गईं।

## हमीदिया अस्पताल में पहली बार बेरियाट्रिक सर्जरी की गई

भोपाल (आरएनएस)। हमीदिया अस्पताल में पहली बार बेरियाट्रिक सर्जरी की गई। जिसके जरिए मोर्बिड ओबेसिटी और हार्निया से जुड़े गंभीर रोग से पीड़ित महिला का जीवन बचाया जा सका।डॉक्टरों के अनुसार, महिला मोर्बिड ओबेसिटी यानी अत्यधिक मोटापे से जूझ रही थी। उसका बीएमआई 42 था। इसके अलावा यह उपलब्धि इसलिए खास है क्योंकि मरीज को न केवल जानलेवा हर्निया था। इसके अलावा उसका वजन और मोटापा ऑपरेशन को और भी चुनौतीपूर्ण बना रहा था।वरिष्ठ सर्जन डॉ. समीर शुक्ला ने बताया कि महिला की जान बचाने के लिए स्लीव गेस्ट्रोक्टॉमी के साथ आईपीओएम प्लस मेष तकनीक का इस्तेमाल किया गया। यह तकनीक हमीदिया अस्पताल में पहली बार अपनाई गई। इसमें पेट का कुछ हिस्सा छोटा किया गया ताकि मरीज का वजन कम हो और साथ ही मेष (जाली) लगाकर हर्निया की दीवार को मजबूत किया गया। मोर्बिड ओबेसिटी क्या है?-जब बीएमआई 40 से ऊपर हो जाता है, तब इसे मोर्बिड ओबेसिटी कहते हैं। यह हार्ट अटैक, डायबिटीज और स्ट्रोक जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ाती है। ऐसे में बेरियाट्रिक सर्जरी मोटापे के कारण होने वाली बीमारियों को कम करने का प्रभावी तरीका है। जिससे वजन घटाने और जीवन की गुणवत्ता सुधारने में मदद मिलती है। 46 साल की महिला कई सालों से लम्बर हर्निया (कमर के पास का हर्निया) की समस्या से पीड़ित थीं। धीरे-धीरे यह बढ़कर उनके पेट के लगभग एक-तिहाई हिस्से तक फैल गया था। जांच में सामने आया कि उनका बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) 42 था और वजन 92 किलो। यह स्थिति मोर्बिड ओबेसिटी की श्रेणी में आती है, जिसमें शरीर पर अत्यधिक चर्बी जमा हो जाती है और यह कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है।

## खाद्य विभाग द्वारा 29 किलो मावा एवं 11 किलो पनीर किया जप्त

भोपाल।(आरएनएस)। थाना बागसेवनिया से प्राप्त सूचना के आधार पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग एवं पुलिस द्वारा संदेहास्पद मावा और पनीर के नमूने जांच हेतु लिए गए एवं संदेहास्पद मावा 29 किलोग्राम और पनीर 11 किलोग्राम जिनका बाजार मूल्य रुपए 12 हजार 580 रुपए है, को नियमानुसार जप्त किया गया।जप्त किया गया मावा एवं पनीर की जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।जांच दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी जे.पी.विश्वकर्मा और जे. पी. लववंशी और थाना बागसेवनिया का पुलिस बल उपस्थित था।

## राज्य की पुरातात्विक धरोहर को सहेजने के लिए किया जा रहा है नवाचार

भोपाल।(आरएनएस)।राज्य की पुरातात्विक महत्व की कला को सुदृढ़ और सतत बाज़ार की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नर्मदापुरम में कला और शिल्प पर आधारित स्टार्टअप के लिए राफ्ट एंड रीज़न ने तसल्ली ब्रांड के अंतर्गत नवाचार प्रारंभ किया है। इसमें नर्मदापुरम, भोपाल, छिंदवाड़ा, सीहोर, महेश्वर तथा धार जिले के चिन्हित शिल्प पर नवाचार किया जा रहा है।इसके अंतर्गत पुरातात्विक महत्व की कलाकृति को स्टोन पाउडर में विकसित किया गया है तथा इस पर स्थानीय सागौन लकड़ी के साथ भी प्रयोग किए जा रहे हैं। यह कार्य हाथकरघा एवं हस्तशिल्प संचालनालय भोपाल, पुरातत्व संचालनालय भोपाल एवं पाटर्स द स्टूडियो नर्मदापुरम के सहयोग से किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि स्टार्टअप की पहली डिलीवरी बॉउर्नमाउथ, यूके में की गई है। इसे आमेजन ग्लोबल पर भी खरीदा जा सकता है। स्टार्टअप ने निर्यात लाइसेंस भी प्राप्त कर लिया है।

## प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में लंबे समय से प्रतिक्षित लाइब्रेरी का शुभारंभ

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश कांग्रेस कार्यालय, भोपाल में आज एक ऐतिहासिक क्षण दर्ज हुआ। कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की वर्षों पुरानी मांग आज पूरी हो गई जब प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में लाइब्रेरी की स्थापना और शुभारंभ किया गया। इस महत्वपूर्ण पहल का उद्घाटन प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी ने किया। यह लाइब्रेरी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार स्थापित की गई है। उनके मार्गदर्शन और दृष्टिकोण के अनुरूप कांग्रेस कार्यालय में यह नई शुरुआत संगठन के वैचारिक और बौद्धिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।इस अवसर पर संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले एवं कांग्रेस विचार विभाग के अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता सहित कई वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे कांग्रेस संगठन की बौद्धिक और वैचारिक मजबूती की दिशा में एक मील का पत्थर बताया। डॉ. संजय कामले ने जानकारी देते हुए कहा कि यह लाइब्रेरी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं की बौद्धिक क्षमताओं के विकास में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। यहाँ कांग्रेस के इतिहास, विचारधारा, महान नेताओं की जीवनी और प्रेरणादायी साहित्य उपलब्ध रहेगा।

# रांग साइड से आ रहे ट्रैक्टर ने किसान को कुचला, मौके पर हुई मौत




भोपाल(ए)। शहर के देहात बैरसिया थाना इलाके में नरसिंहगढ़ रोड पर रॉग साइड से आ रहे ट्रैक्टर ने किसान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में जानलेवा चोटें आने से किसान ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार ग्राम बमेला खेड़ली, नजीराबाद में रहने वाले भीकम सिंह राजपूत पिता विशन सिंह राजपूत (50) पेशे से किसान थे, साथ ही वो दूध का भी व्यवसाय करते थे। गुरुवार सुबह वह अपनी भैंस बेचने के लिए गये थे। भैंस को बेचने के बाद वो पैदल वापस घर लौट रहे थे। दोपहर करीब ढाई बजे भीकम सिंह नरसिंहपुर रोड पहुंचे थे, वहाँ से थोड़ा आगे जाकर उन्हें बस पकड़नी थी। तभी गलत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने उन्हें चपेट में ले लिया। ट्रैक्टर का पहिया उनके शरीर के ऊपर से गुजर जाने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। मौके पर मौजूद लोगो ने पुलिस को टक्कर मारने वाले ट्रैक्टर का नंबर बताया है, जिसके आधार पर पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

## दादाजी धाम मंदिर में आज राधा अष्टमी पर होंगे कई आयोजन

भोपाल (ए)। राजधानी के रायसेन रोड के पास पटेल नगर स्थित जागृत एवं दर्शनीय तीर्थ स्थल दादाजी धाम मंदिर में इस वर्ष रविवार को राधा अष्टमी भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि है। यह दिन देवी राधा के अवतरण दिवस पर मंदिर में विराजमान भगवान राधे कृष्ण जी का विशेष श्रृंगार किया किया जाएगा, मंदिर में आकर्षक लाइटिंग की गई है यह दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इस दिन सांय 6:00 बजे से पूजन,अभिषेक, मंत्र का जाप, पूजा-पाठ करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं, धन-समृद्धि मिलती है, और भक्तगण राधा रानी की विशेष कृपा प्राप्त करते हैं। एवं ऋषि दधीचि का जन्मोत्सव भी भाद्रपद शुक्ल पक्ष की अष्टमी को मनाया जाता है, मंदिर के गर्भगृह की परिक्रमा में स्थापित ऋषि दधीचि जी का विधि विधान से पूजन किया जाएगा। यह दिवस ऋषि दधीचि के विश्व के कल्याण के लिए अपने प्राणों का त्याग कर अस्थियाँ दान करने के महान परोपकार को याद करने के लिए मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी को भक्तों अपने घर से पकवान बनाकर छप्पन भोग लगाया जाएगा। सांय 07:30 बजे से महाआरती मे बडी संख्या में वर्धमान सिटी, पटेल नगर, सिद्धार्थ लेक सिटी एवं आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालु शामिल होंगे।



## भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्राचीन शास्त्रीय संगीत ध्रुपद के संरक्षण के लिए सामाजिक सेवा बैंकिंग के तहत अनुदान





भोपाल /इंदौर(ए.)। देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने आज इंदौर में अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) यात्रा का एक नया स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया। यह अवसर न केवल बैंकिंग इतिहास में यादगार बन गया, बल्कि भारतीय शास्त्रीय संगीत के संरक्षण की दिशा में भी एक मील का पत्थर साबित होगा इस अवसर पर चेयरमैन सी. एस. शेट्टी ने भोपाल स्थित ध्रुपद संस्थान न्यास को 97.76 लाख का CSR के द्वारा सहयोग प्रदान किया। यह सहयोग मात्र आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि भारत की आत्मा माने जाने वाले शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को संरक्षित करने का संकल्प है। कार्यक्रम में ध्रुपद परंपरा के विश्वविख्यात स्तंभ, पद्मश्री पंडित उमाकांत गुंदेचा, पखावज वादन के अप्रतिम धुरंधर पंडित अखिलेश गुंदेचा, संस्थान की चेयरपर्सन श्रीमती धानी गुंदेचा तथा सचिव अनंत गुंदेचा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष श्री शेट्टी ने अपने संबोधन में कहा बैंकिंग केवल वित्तीय लेन-देन नहीं, बल्कि समाज की सांस्कृतिक और नैतिक धरोहर को सहेजने का माध्यम भी है। ध्रुपद केवल संगीत नहीं, यह भारत की आत्मा की आवाज़ है। भारतीय स्टेट बैंक का यह सहयोग शास्त्रीय संगीत के संरक्षण में एक बहुत छोटा सा प्रयास है जिसे आने वाली पीढियां लाभान्वित हो भोपाल सर्किल ने इस CSR को करके शास्त्रीय संगीत के संरक्षण के क्षेत्र में एक बहुत अच्छा कदम उठाया है ध्रुपद संस्थान की ओर से पद्मश्री उमाकांत गुंदेचा ने भावुक शब्दों में कहा है "SBI ने केवल हमें नहीं, बल्कि भारत की उस हजारों साल पुरानी परंपरा को संबल दिया है, जिसे दुनिया 'ध्रुपद' के नाम से जानती है। यह सहयोग आने वाली पीढियों के लिए अमृत बनेगा।

# स्वदेशी को अपनाकर ही देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त किया जा सकता है-हेमंत खण्डेलवाल

भोपाल।(आरएनएस)।मुख्यमंत्री व जनअभियान परिषद के अध्यक्ष डॉ. मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में जनअभियान परिषद और स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में स्वदेशी से स्वावलंबन विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय संगोष्ठी को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वदेशी वस्तुएं केवल उत्पाद ही नहीं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय अस्मिता, धरोहर और हमारे मान-सम्मान का प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया वोकल फॉर लोकल अभियान भारतीयता की इसी भावना को आगे बढ़ाने का माध्यम है। हमारे देशी उत्पाद न केवल विदेशी उत्पादों से अधिक मजबूत, किफायती और गुणवत्तायुक्त हैं, बल्कि इन्हें खरीदने पर हमें अधिकतम लाभ भी मिला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से आत्मीय आह्वान किया कि हर भारतीय नागरिक को न केवल स्वयं स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करना चाहिए, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। यही देश प्रेम हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा। स्वदेशी भावना ही सच्ची राष्ट्रसेवा का सहज मार्ग है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि जब तक हम अपने आचरण में स्वदेशी को शामिल नहीं करेंगे, तब तक हम देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती नहीं दे पाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनअभियान परिषद द्वारा स्वदेशी अभियान के लिए तैयार किए गए पोस्टर एवं ब्रोशर का भी विमोचन किया। जन अभियान परिषद और स्वदेशी जागरण मंच के मध्य स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार की जनजागृति के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान स्वदेशी से जुड़े रहने के संकल्प के तहत सभी ने शपथ ली।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के निर्माण की दिशा में विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। स्वदेशी वस्तुओं का अधिकाधिक उपयोग ही देश के प्रति प्रेम और सच्ची राष्ट्र सेवा है।



# राष्ट्रीय खेल दिवस महोत्सव का दूसरा दिनः सरदारपुर की टीम ने मिनी ब्राजील विचारपुर को रोमांचक मुकाबले में 1-0 से हराया

## प्रदेश में सुव्यवस्थित खेल अधोसंरचना और सुदृढ खिलाडियों का निर्माण सतत प्रक्रिया : मंत्री श्री सारंग




भोपाल (ए.)। राष्ट्रीय खेल दिवस से शुरू हुए प्रदेशव्यापी खेल महोत्सव के दूसरे दिन टीटी नगर स्टेडियम भोपाल में मिनी ब्राजील के नाम से प्रसिद्ध शहडोल जिले के विचारपुर ग्राम और धार जिले के सरदारपुर ग्राम की महिला फुटबॉल टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मैच की शुरुआत की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में विचारपुर ग्राम को मिनी ब्राजील के रूप में उल्लेखित कर पूरे देश को प्रेरित किया है। यह हमारे लिए गर्व और जिम्मेदारी दोनों है कि हम खेलों को जमीनी स्तर तक प्रोत्साहित कर उनके सपनों को साकार करें। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि विचारपुर और सरदारपुर दोनों ही ग्रामों में फुटबॉल का माहौल बेहद सकारात्मक है और यहां हर घर में खेलों के प्रति विशेष लगाव देखने को मिलता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग इन ग्रामों से प्रेरणा लेकर प्रदेश में फुटबॉल के और अधिक विस्तार और सुदृढ़ीकरण की दिशा में ठोस कदम उठाएगा।

मैच का रोमांच

मुकाबले की शुरुआत से ही सरदारपुर की टीम ने दबदबा बनाए रखा। पहले हाफ में ही सरदारपुर की कप्तान और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी सुश्री ज्योति चौहान ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद विचारपुर की टीम ने पूरे दमखम से खेला, लेकिन बराबरी का गोल करने में सफल नहीं हो सकी। निर्धारित समय की समाप्ति पर स्कोर 1-0 रहा और सरदारपुर ने यह यादगार मुकाबला अपने नाम किया।मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विचारपुर की गोलकीपर सुश्री उमा केवट और सरदारपुर की कप्तान सुश्री ज्योति चौहान को 21,000 की सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंत्री श्री सारंग ने दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि यह मुकाबला प्रदेश में फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिये मील का पत्थर साबित होगा।

# उज्जैन में अवैध निर्माण पर सख्ती; बेगमबाग में फिर चला बुलडोजर, अंगारा रेस्टोरेंट ढहाया



उज्जैन (ए.)। उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) ने शुक्रवार सुबह बेगमबाग क्षेत्र में एक बार फिर बुलडोजर चलाया। तीन महीने में हुई इस तीसरी कार्रवाई में भूखंड क्रमांक-19 पर संचालित अंगारा रेस्टोरेंट ढहा दिया गया।

यह रेस्टोरेंट लंबे समय से विवादित था और न्यायालय के स्थगन आदेश के कारण 11 जून को हुई कार्रवाई में बच गया था। उज्जैन में महाकाल मंदिर क्षेत्र के सुंदरीकरण और सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को गति देने की योजना के तहत अवैध कब्जे हटाए जा रहे हैं।यूडीए के सीईओ संदीप सोनी ने बताया कि 2400 वर्ग फीट का यह भूखंड अनीशा बी के नाम दर्ज था। यहां दो भागों में किरायेदार रहते थे और वर्षों से 'अंगारा' नाम से चिकन-मटन का रेस्टोरेंट संचालित हो रहा था। भूखंड की लीज दस साल पहले निरस्त हो चुकी थी और कोर्ट केस चल रहा था। दो दिन पहले स्टे आदेश हटने पर अवैध भवन को ध्वस्त कर जमीन पर कब्जा लिया गया।

बेगमबाग क्षेत्र के कुल 28 भूखंडों की लीज 11 अक्टूबर 2023 को निरस्त कर दी गई थी। ये सभी भूखंड 1980 से पहले केवल आवासीय उपयोग के लिए दिए गए थे, लेकिन बाद में यहां होटल, दुकानें और रेस्टोरेंट खड़े कर दिए गए। अधिकांश ने लीज का नवीनीकरण नहीं कराया और नियम विरुद्ध व्यावसायिक गतिविधियां शुरू कर दीं। महाकाल मंदिर क्षेत्र के सुंदरीकरण और सिंहस्थ 2028 मास्टर प्लान के तहत यहां पाथवे, पार्किंग, स्मार्ट लाइटिंग, ग्रीन बेल्ट और सुरक्षा घेरे का विकास होना है। अधिकारियों का कहना है कि यदि अवैध कब्जे समय रहते नहीं हटाए गए तो सुव्यवस्थित विकास में बाधा आएगी।यूडीए की इस कार्रवाई ने साफ कर दिया है कि अब किसी भी कब्जाधारी को बख्शा नहीं जाएगा। अगली कार्रवाई की सूची भी तैयार कर ली गई है।

### *सिविल अस्पताल सोनकच्छ एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अरन्या के लिए टीएससीसी लिमिटेड ने चिकित्सीय उपकरण दिए*

*देवास (ए.)। किलकारी अभियान अंतर्गत टीएससीसी लिमिटेड द्वारा पोषण पुनर्वास केंद्र सिविल अस्पताल सोनकच्छ एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अरन्या को सीएसआर मद से विभिन्न चिकित्सीय उपकरण एवं सामग्री सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर की उपस्थिति में दिए गए। विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने टीएससीसी लिमिटेड की इस पहल की प्रशंसा की और स्वास्थ्य क्षेत्र में कंपनी के अनूठे एवं महत्वपूर्ण योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कंपनी का उदाहरण देते हुए समाज के अन्य लोगों को भी इस पहल में आगे आकर सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि टीएससीसी लिमिटेड द्वारा भारत सरकार के टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जुलाई 2025 से 1000 मरीजों को अगले छह माह तक प्रतिमाह नि:शुल्क नि-क्षय पोषण आहार किट प्रदान की जा रही है।*

### सांसद खेल महोत्सव को लेकर बैठक संपन्न

जबलपुर (ए)। सांसद आशीष दुबे की अध्यक्षता में आज सांसद खेल महोत्सव को लेकर कलेक्टर सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षकसंपत उपाध्याय, अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, एडीएम नाथूराम गोंड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर सांसद श्री दुबे ने कहा कि 21 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक चलने वाले सांसद खेल महोत्सव पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का फोकस रहता है कि युवाओं को खेलों से जोड़ा जाये और परम्परागत खेलों के साथ नए खेलों से भी युवाओं को जोड़कर उनका बेहतर भविष्य सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि परम्परागत खेलों की जगह ऐसे खेल जिससे युवाओं का कैरियर और ग्लेमर है, उसमें खेल प्रतिभाओं को तलाशें।

## इंदौर में खंडहरनुमा घर से आ रही थी कुत्तों की आवाजें, अंदर का मंजर देख कांप गई रुह

इंदौर. (ए.)। सदरबाजार थाना क्षेत्र में एक हृदय विदारक मामला सामने आया है. भिश्ती मोहल्ला स्थित एक खंडहरनुमा मकान से 80 वर्षीय बुजुर्ग विजेंद्र सिंह ठाकुर का शव बरामद हुआ, जिसे आवारा कुत्ते नोच-नोचकर खा रहे थे. शव की हालत ऐसी थी कि देखने वालों की रूह कांप गई. ये बुजुर्ग अकेले रहते थे और अब उनकी मौत के पीछे के कारणों की जांच हो रही है. पुलिस ने बताया कि केस दर्ज के साथ ही छानबीन शुरू कर दी है. इस मामले में जो भी दोषी होगा; उस पर कार्रवाई की जाएगी.जानकारी के मुताबिक, विजेंद्र सिंह ठाकुर अकेले रहते थे. उनकी दो शादियां हुई थीं, लेकिन दोनों से तलाक हो चुका था और उनकी कोई संतान नहीं थी. गुरुवार को उनका प्रोफेसर भतीजा अमिंद्र बैस उनसे मिलने पहुंचा. घर का दरवाजा अंदर से बंद था और बदबू आने पर उसने पड़ोसियों को बुलाया. वीडियो बनाते हुए दरवाजा तोड़ा गया तो अंदर का नजारा दिल दहला देने वाला था. शव फर्श पर पड़ा था और एक कुत्ता उसे खा रहा था. , जांच शुरू शव का पूरा हाथ, एक पैर, दूसरे पैर का हिस्सा और सिर तक कुत्तों ने खा लिया था. चेहरा बुरी तरह से नोच दिया गया था. मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि शव कई हिस्सों से सड़ चुका था. इंदौर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा और फॉरेंसिक टीम को जांच में लगाया.



## जिले में प्राप्त 670 टन डी.ए.पी. खाद की खेप को भेजा गया सोसाइटी



टीकमगढ़ (ए.)। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जिले में पर्याप्त खाद आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद वितरण की शत प्रतिशत मॉनिटरिंग की व्यवस्था के तहत आज 670 टन डी.ए.पी. की खेप को प्राथमिकता से विभिन्न सोसायटियों में पहुंचाया गया। कलेक्टर श्री श्रोत्रिय के निर्देशानुसार तहसीलदार टीकमगढ़सत्येंद्र सिंह गुर्जर, सीईओ कॉपरेटिव बैंक राजेश श्रीवास्तव, सहायक संचालक कृषि विभाग दिनेश जाटव और निरीक्षक सहकारिता विभाग सुरेंद्र रावत ने निगरानी के साथ खाद परिवहन का पर्यवेक्षण कर रेक पॉइंट से सोसायटियों के लिए खाद रवाना किया।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कोचेवाही में की छापामार कार्यवाही यश देशमुख द्वारा संचालित आशिर्वाद पैथोलॉजी को किया गया सीलबंद

बालाघाट (ए.)। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 28 अगस्त को वारासिवनी तहसील के अंतर्गत ग्राम कोचेवाही में छापामार कार्यवाही कर अवैध रूप से संचालित आर्शीवाद पैथोलॉजी लैब एवं कलेक्शन सेंटर को सील बंद कर दिया है। इसके साथ ही लैब के संचालक यश देशमुख के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने के लिए कहा गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप ने बताया कि डॉ. गौरव करवते, चिकित्सा अधिकारी, नोडल अधिकारी एन.सी.डी. जिला चिकित्सालय बालाघाट तथा डॉ. सुषमा गोयल चिकित्सा अधिकारी एवं आर.एम.ओ. जिला चिकित्सालय बालाघाट के संयुक्त नेतृत्व में तिरथ कुमार अक्षरिया तहसीलदार वारासिवनी एवं थाना प्रभारी वारासिवनी द्वारा मनोनीत किये गये आरक्षकों के गठित संयुक्त जांच दल द्वारा दिनांक 28 अगस्त 2025 को दोपहर 1:50 बजे यश देशमुख द्वारा ग्राम कोचेवाही तहसील वारासिवनी, जिला-बालाघाट में संचालित आर्शीवाद पेथालॉजी लेब एण्ड कलेक्शन सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । जांच दल द्वारा प्रस्तुत पंचनामा के अनुसार आर्शीवाद पैथालॉजी लेब एण्ड कलेक्शन सेंटर का निरीक्षण किये जाने पर पाया गया कि यश देशमुख द्वारा विगत लगभग दो माह पूर्व से खुशलराव पटले के स्वामित्व की एक दुकान को किराये पर लेकर ग्राम कोचेवाही तहसील वारासिवनी में आर्शीवाद पेथालॉजी लेब एण्ड कलेक्शन सेंटर संचालित किया जा रहा है।



# 29वीं वटालियन दतिया में स्वास्थ्य शिविर आयोजित



दतिया (ए.)। पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक एवं सेनानी 29वीं वटालियन सूरज कुमार वर्मा के निर्देश अनुसार आज शनिवार को 29वीं बटालियन परिसर में स्थित चिकित्सालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दतिया मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. दीपक मरावी, डॉ अर्जुन सिंह, बाल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. पुनीत अग्रवाल, डॉ. पुष्पेंद्र सिंह, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ.सुचित्रा बघेल, डॉ. एकता मिश्रा, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. आशीष तिवारी, डॉ. अभिषेक धारीवाल, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एस कुमार, नर्सिंग ऑफिसर श्रीमती वंदना गोलकर सहित अन्य चिकित्सक एवं स्टॉफ उपस्थित रहा। स्वास्थ्य शिविर में 29वीं वटालियन के लगभग 150 अधिकारी, कर्मचारियों, महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें उनको इलाज हेतु उचित सलाह दी गई एवं मौसम से होने वाली बीमारियों से बचने के उपाय बताए गए। इस दौरान निशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। अवसर पर मुख्यालय निरीक्षक अजय राय, क्वार्टर मास्टर संतोष कुमार सेन, सूबेदार मेजर सजल विदुआ, सहायक उप निरीक्षक कमलेश प्रजापति, वीएचएम अखिलेश यादव, नर्सिंग स्टाफ श्रीमती पुष्पा तिवारी, गिरजा शंकर, आरक्षक नवीन केन, संजय रावत, कृष्ण कुमार, भूपेंद्र सिंह, रुस्तम सिंह, विक्रम राणा द्वारा स्वास्थ्य शिविर में सहयोग प्रदान किया गया

## व्यापार समाचार

# बिहार में 2,400 मेगावाट के ग्रीनफील्ड थर्मल पावर प्लांट के लिए अदाणी पावर को मिला लेटर ऑफ अवार्ड

अहमदाबाद (ए.)। अदाणी पावर लिमिटेड ने शुक्रवार को बताया कि कंपनी को बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड (बीएसपीजीसीएल) से 25 साल की लंबी अवधि की बिजली खरीद के लिए लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) मिला है।

अदाणी समूह की यह कंपनी भागलपुर जिले के पीरपैंती में स्थापित होने वाले 2,400 मेगावाट (800 मेगावाट × 3) ग्रीनफील्ड अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल प्लांट से बिजली की सप्लाई करेगी।

अदाणी पावर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस.बी. ख्यालिया ने कहा, भारत की सबसे बड़ी निजी क्षेत्र की थर्मल पावर उत्पादक कंपनी के रूप में अदाणी पावर ने बड़े पैमाने पर विश्वसनीय क्षमता प्रदान करने की क्षमता का लगातार प्रदर्शन किया है।

उन्होंने आगे कहा, बिहार में अपनी आगामी अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल, उच्च दक्षता वाली पीरपैंती परियोजना के साथ, हम परिचालन उत्कृष्टता और सस्टेनेबिलिटी के नए मानक स्थापित कर रहे हैं। यह प्लांट बिहार के लोगों को सस्ती और निर्बाध बिजली उपलब्ध कराएगा, औद्योगीकरण को गति देगा, राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा और लोगों की समृद्धि में सहायक होगा।बीएसपीजीसीएल ने राज्य की दो बिजली कंपनियों, नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एनबीपीडीसीएल) और साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एसबीपीडीसीएल) की ओर से अदाणी पावर को एलओए प्रदान किया। इसके बाद दोनों कंपनियों के बीच पावर सप्लाई एग्रीमेंट (पीएसए) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।ख्यालिया ने कहा, इस तरह की परियोजनाओं के माध्यम से, अदाणी पावर भारत के ऊर्जा भविष्य को सुरक्षित करने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है।इससे पहले, अदाणी पावर बीएसपीजीसीएल द्वारा आयोजित एक कड़ी प्रतिस्पर्धात्मक टैरिफ-आधारित बोली प्रक्रिया में विजेता बनकर उभरी थी, जिसमें कंपनी ने 6.075 रुपए प्रति किलोवाट-घंटा की सबसे कम सप्लाई कीमत की पेशकश की थी। कंपनी इस प्लांट और संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना में 3 अरब डॉलर का निवेश करेगी।




कंपनी के अनुसार, यह परियोजना निर्माण चरण के दौरान 10,000-12,000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान करेगी और संचालन शुरू होने पर 3,000 लोगों को रोजगार प्रदान करेगी।भारत में बिजली की मांग आने वाले वर्षों में तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। इसी के साथ, तेज औद्योगीकरण, शहरीकरण और बढ़ती जनसंख्या के कारण, अधिकतम मांग वर्तमान 250 गीगावाट से बढ़कर 2031-32 तक 400 गीगावाट और 2047 तक 700 गीगावाट से अधिक हो जाएगी।

## भारत की आर्थिक वृद्धि दर उम्मीद से बेहतर 7.8 फीसदी रही

नई दिल्ली (ए.)। सरकार द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही, जो उम्मीद से बेहतर और हाल की पांच तिमाहियों में सबसे अधिक है। यह वृद्धि दर अमेरिका द्वारा भारी शुल्क लगाए जाने से पहले की अवधि की उच्चतम वृद्धि को दर्शाती है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों में यह सामने आया है कि कृषि क्षेत्र में इस तिमाही में 3.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की 1.5 प्रतिशत वृद्धि से बेहतर है। इस क्षेत्र की मजबूत वृद्धि ने समग्र आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वहीं, व्यापार, होटल और रियल एस्टेट जैसे सेवा क्षेत्रों ने भी जीडीपी वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर भी मामूली बढ़त के साथ 7.7 प्रतिशत रही, जो पिछले साल की इसी तिमाही के 7.6 प्रतिशत से थोड़ा अधिक है।

## लाखों बीमाधारकों के लिए बड़ी राहत, इन कंपनियों की कैशलेस सुविधा नहीं होगी बंद



नई दिल्ली (ए.)। बजाज एलियांज और केयर हेल्थ इंश्योरेंस के लाखों पॉलिसीधारकों के लिए शुक्रवार को एक बड़ी राहत की खबर आई। अस्पतालों के संगठन एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स ऑफ इंडिया (AHPI) ने इन बीमा कंपनियों की कैशलेस सेवाओं पर लगाई गई रोक को हटाने का फैसला किया है। अब 1 सितंबर, 2025 से इन कंपनियों के ग्राहकों को उत्तर भारत के नेटवर्क अस्पतालों में पहले की तरह कैशलेस इलाज की सुविधा मिलती रहेगी।

यह फैसला गुरुवार, 28 अगस्त को AHPI और बजाज एलियांज के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच हुई एक सफल बैठक के बाद लिया गया, जिसमें दोनों पक्षों के बीच चल रहे पुराने विवादों को सुलझा लिया गया।

AHPI और बजाज एलियांज के बीच हुई बैठक में यह तय हुआ कि बीमा कंपनी 29 सितंबर, 2025 तक अस्पतालों की शिकायतों को दूर करने के लिए उठाए गए कदमों की औपचारिक जानकारी देगी। इस भरोसे के बदले में, AHPI ने अपने सभी सदस्य अस्पतालों को तुरंत प्रभाव से कैशलेस सेवाएं फिर से शुरू करने का निर्देश दिया है।

AHPI ने यह भी साफ किया कि केयर हेल्थ इंश्योरेंस की सेवाएं कभी बंद नहीं की गई थीं, उनसे सिर्फ कुछ मुद्दों पर स्पष्टीकरण मांगा गया था, जिसका जवाब कंपनी ने दे दिया है। इसलिए उनके ग्राहकों को कैशलेस सुविधा बिना किसी रुकावट के मिलती रहेगी।

**क्यों खड़ा हुआ था यह विवाद?**

अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच यह विवाद मुख्य रूप से बजाज एलियांज जैसी बीमा कंपनियों द्वारा इलाज की दरों (पैकेज रेट) को कई सालों तक नहीं बढ़ाने के कारण शुरू हुआ था, जिससे अस्पतालों को भारी वित्तीय नुकसान हो रहा था। इसके अलावा, अस्पतालों ने यह भी शिकायत की थी कि बीमा कंपनियां नए अस्पतालों को अपने नेटवर्क में शामिल करने में देरी कर रही थीं, जिससे रोगियों को असुविधा हो रही थी। विवाद का एक और महत्वपूर्ण कारण यह भी था कि बीमा कंपनियाँ रोबोटिक सर्जरी जैसी आधुनिक और नई उपचार तकनीकों के लिए भुगतान करने से मना कर रही थीं, और साथ ही डॉक्टरों द्वारा सुझाए गए उपचार के तरीकों में भी हस्तक्षेप कर रही थीं, जिससे चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहा था।

इस मामले पर बजाज एलियांज ने कहा कि उनका उद्देश्य हमेशा मरीजों की मदद करना रहा है और उन्होंने कभी कैशलेस सेवा बंद नहीं की। वहीं, केयर हेल्थ ने भी भरोसा दिया है कि उनके नेटवर्क अस्पतालों में इलाज की प्रक्रिया बिना किसी रुकावट के जारी रहेगी। AHPI ने संकेत दिए हैं कि भविष्य में ऐसे विवाद न हों, इसके लिए वे जल्द ही जनरल इंश्योरेंस काउंसिल से भी मुलाकात करेंगे।

## अमेरिका के टैरिफ से ट्राइडेंट ग्रूप संकट में

**- कंपनी का करीब 70 प्रतिशत निर्यात अकेले अमेरिका में**

**- कंपनी के भविष्य को लेकर अनिश्चितता बढ़ी**

नई दिल्ली (ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 50 प्रतिशत टैरिफ से भारतीय टेक्सटाइल कंपनियों को भारी नुक्सान हुआ है। भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा टेक्सटाइल उत्पादक देश है। टेक्सटाइल और परिधान उद्योग का 2024 में बाजार आकार लगभग 146.55 अरब यूएस डॉलर का था और 2030 तक 350 अरब यूएस डॉलर तक पहुँचने का अनुमान लगाया जा रहा था। लेकिन अमेरिकी टैरिफ ने इस विकास यात्रा को बड़ा झटका दिया है।

देश की जानी मानी टेक्सटाइल कंपनी ट्राइडेंट अमेरिका में होम टेक्सटाइल (बाथ व बेड लिनेन) का निर्यात बड़ी मात्रा में करती है। अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के चलते गंभीर संकट में फंस गई है। अमेरिका ट्राइडेंट ग्रूप के लिए सबसे बड़ा निर्यात बाजार है और कंपनी का करीब 70 प्रतिशत होम टेक्सटाइल (बाथ और बेड लिनेन) निर्यात अकेले अमेरिका में होता है। अन्य देशों में 20 प्रतिशत और भारत के घरेलू बाजार में लगभग 10 प्रतिशत की हिस्सेदारी है।

ट्राइडेंट अपने उत्पादों का निर्यात 150 देशों में करता है, जो एशिया, यूरोप, अमेरिका, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अमेरिका जैसे छह महाद्वीपों तक फैला हुआ है। कंपनी के कुल राजस्व का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा निर्यात से आता है, जिसमें अमेरिका की हिस्सेदारी सबसे बड़ी है। 50 प्रतिशत टैरिफ का असर अब मध्यप्रदेश की टेक्सटाइल इंडस्ट्री पर साफ दिखने लगा है। राज्य के मंडीदीप और बुधनी लंबे समय से भारत के प्रमुख टेक्सटाइल हब माने जाते हैं। यहां से न सिर्फ घरेलू बाजार बल्कि बड़े पैमाने पर निर्यात भी होता है। ट्राइडेंट के साथ वर्धमान, अनंत स्पिनिंग और सागर मैन्युफैक्चरर्स जैसी कंपनियां अमेरिका में बड़े स्तर पर टेक्सटाइल निर्यात करती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ से ट्राइडेंट ग्रूप की लागत बढ़ जाएगी और अमेरिकी बाजार में इसकी प्रतिस्पर्धा क्षमता कमजोर होगी।

# BSNL 200 रुपए से कम में लाया ये शानदार प्लान, Jio-Airtel की बढ़ी टेंशन




नई दिल्ली (ए.)। सरकारी टेलीकॉम कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) ने एक बार फिर प्राइवेट कंपनियों की नींद उड़ाते हुए एक बेहद सस्ता और दमदार प्रीपेड प्लान बाजार में उतारा है। BSNL ने मात्र 199 रुपये में 2GB डेली डेटा वाला प्लान पेश किया है, जो सीधे तौर पर जियो (Jio), एयरटेल (Airtel) और वोडाफोन-आइडिया (Vi) को चुनौती देता है। कंपनी ने अपने आधिकारिक 'X' (पूर्व में ट्विटर) हैंडल से न केवल इस प्लान की जानकारी दी, बल्कि इसकी तुलना प्राइवेट कंपनियों के महंगे प्लान्स से करते हुए बताया है कि ग्राहकों को दोगुने से भी ज्यादा कीमत चुकानी पड़ रही है। BSNL द्वारा जारी जानकारी के मुताबिक, इस नए प्लान की कीमत 199 रुपये है और यह पूरे 30 दिनों की वैलिडिटी के साथ आता है। ग्राहक इस प्लान को देश के किसी भी टेलीकॉम सर्किल से रिचार्ज करा सकते हैं।

वैलिडिटी: 30 दिन

डेटा: 2GB प्रतिदिन (कुल 60GB डेटा)

कॉलिंग: पूरे भारत में किसी भी नेटवर्क पर अनलिमिटेड कॉलिंग

SMS: 100 SMS प्रतिदिन

रोमिंग: फ्री नेशनल रोमिंग

BSNL ने अपने पोस्ट में बताया है कि कैसे उसका प्लान निजी कंपनियों के मुकाबले कहीं ज्यादा फायदेमंद है। एक प्रमुख निजी कंपनी 199 रुपये में 2GB डेली डेटा तो देती है, लेकिन उसकी वैलिडिटी महज 14 दिनों की है। यानी BSNL उसी कीमत में 16 दिन की एक्स्ट्रा वैलिडिटी दे रहा है। एक अन्य बड़ी टेलीकॉम कंपनी 30 दिन की वैलिडिटी और 2GB डेली डेटा वाले प्लान के लिए 379 रुपये चार्ज करती है, जो BSNL के प्लान से 180 रुपये महंगा है। वहीं, तीसरी निजी कंपनी 2GB डेली डेटा वाले प्लान के लिए 365 रुपये लेती है और उसमें भी वैलिडिटी सिर्फ 28 दिनों की मिलती है। BSNL का यह कदम उन यूजर्स को लुभाने के लिए एक बड़ी कोशिश है जो कम कीमत में लंबी वैलिडिटी और ज्यादा डेटा चाहते हैं।

### *भारत 'डेड इकॉनमी' नहीं, 'लॉन्ग लाइव इकॉनमी' है : शिवराज चौहान*

*नई दिल्ली (ए.)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान का करारा जवाब दिया जिसमें उन्होंने भारत को डेड इकॉनमी कहा था। चौहान ने ताजा आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था डेड नहीं बल्कि लॉन्ग लाइव इकॉनमी है, जो विकसित और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।सरकारी आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में भारत की अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, जो पिछले पांच तिमाहियों में सबसे ज्यादा है। यह उपलब्धि अमेरिका द्वारा टैरिफ लगाने से पहले दर्ज की गई।*

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## सरकारी फैसले से किसान नाराज

ये प्रकरण बताता है कि किस कदर कृषि एवं उद्योग क्षेत्र परस्पर विरोधी धरातल पर चले गए हैं। यह विकास की समग्र दृष्टि के अभाव का परिणाम है। स्वस्थ अर्थव्यवस्था में उत्पादन के विभिन्न क्षेत्रों के बीच साझा हित होते हैं। अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की बातचीत में मुख्य अड़चन डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन की कृषि एवं डेयरी संबंधी क्षेत्र को अमेरिकी निर्यात के लिए पूरी तरह खोलने की मांग से आई। नरेंद्र मोदी सरकार का दावा है कि उसने किसानों के हित पर समझौता करने से इनकार कर दिया। मगर उसका खामियाजा कारखाना क्षेत्र को भुगतना पड़ रहा है। अमेरिका ने भारत पर भारी आयात शुल्क थोप दिया, जिससे निर्यात निर्भर उद्योगों के सामने बड़ी मुश्किल आ पड़ी है। मतलब यह कि नव-उदारवादी दौर में भारत ने विकास का ऐसा मॉडल अपनाया, जिसमें अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में अंतर्विरोध बढ़ता चला गया है। इसकी सबसे बड़ी मिसाल कपड़ा एवं वस्त्र उद्योग है।अमेरिकी बाजार में आई रुकावट के दुष्प्रभाव से राहत पाने के लिए कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्री ने सरकार से कपास पर आयात शुल्क को हटाने की मांग की। सरकार ने तुरंत ये मांग मान ली। 11 फीसदी का आयात शुल्क समाप्त कर दिया गया। 19 अगस्त से लागू इस फैसले का तुरंत असर हुआ। दो दिन के भीतर ही कॉटन कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) ने कपास के दाम में 1,100 रुपये प्रति कैंडी की कटौती कर दी। इस कारण वस्त्र उद्योग की लागत काफी कम हो जाएगी और वह अपने उत्पादों को अपेक्षाकृत सस्ती दर पर निर्यात कर सकेगा।मगर इस सरकारी फैसले से किसान नाराज हो गए हैं। उनके संगठन संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने इस कदम को कपास किसानों के लिए मौत की गारंटी बताया है। उसने पूछा है कि किसानों को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताने का प्रधानमंत्री का दावा अब कहां गया? एसकेएम ने इस कदम खिलाफ कपास पैदावार वाले क्षेत्रों में आंदोलन छेड़ने का एलान किया है। ये प्रकरण बताता है कि भारत में किस कदर कृषि एवं उद्योग क्षेत्र परस्पर विरोधी धरातल पर चले गए हैं। यह विकास की समग्र दृष्टि के अभाव का सूचक है। स्वस्थ अर्थव्यवस्था में उत्पादन के विभिन्न क्षेत्र के बीच साझा हित होते हैं। मगर ऐसा तब होता है, जब आर्थिक नियोजन की जरूरत समझी जाती हो। आज तो नियोजन शब्द से ही शासक वर्ग को गुरेज है। नतीजा सामने है।

# हम तो ऐंवे ही हैं! क्यों आप हमारे पास आते हैं!

हरिशंकर व्यास

पहली खबर नॉर्वे की है। नॉर्वे सरकार के पेंशन का एक वैश्विक सॉवरेन वेल्थ फ़ंड है। लगभग दो ट्रिलियन डॉलर का कोष। इसे वहां की सरकार ने 1990 में तेल की कमाई को जमा करते हुए बनाया। यह विश्व में निवेश कर देशवासियों की पेंशन संभालता है। इसे किस देश, किस कंपनी में निवेश करना है, इसके सुझाव का काम एक नैतिक परिषद करती है। और पता है 2022 में जब रूस ने यूक्रेन पर हमला किया तो चार दिन के भीतर नॉर्वे की संसद और वित्त मंत्रालय ने फ़ंड को रूस और उससे जुड़ी कंपनियों से पैसा निकालने, यानी विनिवेश का आदेश दिया। ऐसा होना देश की नैतिक यानी एथिकल गाइडलाइंस से था। अब इन दिनों नॉर्वे में ग़ाज़ा में इज़राइली हिंसा व नरसंहार के विवाद में इज़राइली कंपनियों से निवेश हटाया जा रहा है। जैसे इज़राइल को लड़ाकू विमानों की सप्लाई करने वाली कंपनी से फ़ंड अपना निवेश निकाल रहा है। नॉर्वेजियन फ़ंड ने इज़राइल से जुड़ी छह कंपनियों को ब्लैकलिस्ट किया है।

इसका क्या अर्थ है? बुनियादी तौर पर यह कि नॉर्वे उन रामजी के रामराज्य का एक सभ्यागत प्रतिनिधि देश है, जहां नैतिकता व मर्यादा का मान है। नॉर्वे राष्ट्र-राज्य यानी देश की एक नैतिक वैचारिक विदेश नीति है। वह क्या सही है, क्या ग़लत, कौन राम है और कौन रावण की एथिकल गाइडलाइंस में मानवाधिकारों, बाल मानवाधिकार उल्लंघनों, हिंसा, युद्ध के दौरान अमर्यादित व्यवहार, विवादित सैन्य गतिविधियों जैसे नैतिक मुद्दों को ध्यान में रखकर आचरण यानी निर्णय करता है। ध्यान रहे नॉर्वे कोई इस्लामी या ऑर्थोडॉक्स ईसाई देश नहीं है; बावजूद इसके वहां की राजनीति में, संसदीय बहस में सभी विचारधाराओं (दक्षिण, वाम, पर्यावरणवादी ग्रीन, मध्य-दक्षिण, लेबर पार्टी) की पार्टियों, जनमानस में यह प्राथमिकता है कि देश एथिकल गाइडलाइंस के पैमाने पर ही राष्ट्रीय पहचान, नीति व सरोकार रखे। तभी प्रधानमंत्री जोनेस गार स्टोरे को जून में 17 इज़राइली कंपनियों से विनिवेश की घोषणा करनी पड़ी।

मतलब जन सर्वेक्षणों में नॉर्वेजियन नागरिकों का यह दबाव स्थायी है कि कुछ भी हो जाए, विदेश नीति में देश को अपनी इमेज एक 'नैतिक ताक़त' या मानवता की महाशक्ति की बनाए रखनी होगी। इससे कोई समझौता नहीं।

अब ज़रा शनिवार को भारत के विदेश मंत्री जयशंकर के इस बयान पर ग़ौर करें। उन्होंने अमेरिका पर निशाना साधते हुए कहा, 'हमने तो ख़रीदने के लिए मजबूर नहीं किया था। अगर आपको अच्छा नहीं लगता है तो आप भारत से तेल नहीं ख़रीदें! अगर आपको भारत से तेल या परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पाद ख़रीदने में समस्या है तो मत ख़रीदिए। किसी ने आपको ख़रीदने के लिए बाध्य नहीं किया है। लेकिन यूरोप ख़रीदता है, अमेरिका ख़रीदता है, अगर आपको पसंद नहीं है तो मत ख़रीदिए'।

क्या अर्थ है इसका? क्या यह नहीं कि हम तो धंधेबाज़ हैं। हमारा कोई धर्म-ईमान नहीं। हम नंगे खड़े हैं बाज़ार में! आपको किसने कहा था आने के लिए!

सचमुच, ईमानदारी से दिल पर हाथ रख सोचें। क्या यही रामजी की पार्टी की, मोदी सरकार की अब तक की रीति-नीति का सार नहीं है? किस बेशर्मी के साथ भारत क्रोनी पूंजीवादी अंबानी के तेल धंधे को सही, जायज़ बता रहा है? भारत और उसके धंधेबाज़ों ने नैतिकता को ताक पर रख मौके का फ़ायदा उठाया और रूस से सस्ता कच्चा तेल लेकर, उसे रिफ़ाइन कर चोरी-छुपे यूरोप या एक्स-वाई-ज़ेड ग्राहकों को महंगा तेल बेच भरपूर मुनाफ़ा कमाया! और ऊपर से भारत के विदेश मंत्री की दुनिया को यह नसीहत कि आपने अनैतिकता की भारत मंडी से ख़रीदा ही क्यों? हम तो धंधेबाज़, लुढ़कते लोटे हैं, हमसे क्यों नाता रखते हैं?

दलील हो सकती है कि नरेंद्र मोदी भारत को विकसित देश बना रहे हैं। और यह तब संभव है जब बिक्री-ख़रीद के धंधे के बाज़ार में हमारी क़ीमत लगे और कमाई हो! इसलिए भारत को भला नैतिकता, राष्ट्र विशेष की सार्वभौमता, नियम, क़ानून-मर्यादा, युद्ध दौरान अमर्यादित व्यवहार, विवादित सैन्य गतिविधियों, मानवाधिकारों व मानवता, नैतिकता की क्यों चिंता करनी चाहिए? हम अमीर हो रहे हैं न? अंबानी-अडानी जगतसेठ बन रहे हैं तो उनके साथ भारत भी सोने की लंका हो रहा है!

यदि ऐसा है और रामजी की मर्यादाओं, नैतिकताओं को धंधे के राष्ट्रहित में यदि भारत सरकार ने क़ुर्बान कर दिया है तो इसका तब बेबाक़ी से ऐलान कर देना चाहिए कि दुनिया के लोगों गांधी के रामराज्य और नेहरू के 1947 के घोषित संकल्प दुनिया की नैतिक आवाज (moral voice of the world) या सत्यमेव जयते के सनातन धर्म को त्यागने की भारत राष्ट्र, भारतीय सभ्यता घोषणा करती है।

सो, सवाल है, क्या आज का भारत रामजी का अनुयायी, उनकी विरासत का अंशमात्र धर्म भी लिए हुए है? हम सनातनी हिंदुओं ने क्या यह पढ़ा-समझा नहीं है कि यदि मर्यादा और नैतिकता का आग्रह नहीं है तो फिर वैसा होना रावण होना है। रावण की सोने की लंका है!

इसलिए स्वतंत्र भारत के 78 वर्षों के शासन का यह गंभीर प्रश्न है कि रामजी का नाम लेकर शासन कर रही मोदी सरकार ने अपने ग्यारह वर्षों के अब तक के कार्यकाल की विदेश नीति में क्या तनिक भी नैतिकता कभी दिखी? हाल में तिब्बत पर चीन के क़ब्ज़े के 75 वर्ष या दलाई लामा के 90 वर्ष के होने जैसे मौक़े हों या म्यांमार में मानवाधिकारों के हनन जैसे तमाम मामलों में मोदी सरकार ने मानवता से सरोकार वाले किसी भी एक मसले पर कभी कोई स्टैंड नहीं लिया। चीन से भयाकुल सरकार ने तिब्बत पर चीन के 75 वर्षों के दमनकारी प्रभुत्व पर एक वाक्य की टिप्पणी नहीं की। 90 वर्ष के दलाई लामा के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री मोदी का धर्मशाला जाने का नैतिक साहस नहीं था!

क्यों? क्या हिंदू धर्म-कर्म में मानवीयता, मर्यादा, नैतिकता, नैतिक साहस का मनुष्य व्यवहार वर्जित है? क्या मोदी सरकार के लिए आदर्श रावण की अनैतिक, स्वार्थी, अहंकारी विदेश नीति ही हिंदू राष्ट्र का रोडमैप है?

सोचें, याद करें पिछले ग्यारह वर्षों पर। मुझे कोई ध्यान नहीं आ रहा है जो प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार, विदेश मंत्रालय ने कभी भी, एक भी ऐसा साहसी, सत्यवादी, मानवाधिकारों के खातिर, लोकतंत्रवादी बयान दिया या कोई स्टैंड लिया, जिससे लगे कि भारत राम के नाम पर, उनके आदर्शों, मर्यादाओं की तनिक भी नैतिक गूंज लिए हुए है।

दलील दे सकते हैं भारत अब एक महाशक्ति देश है। इसलिए नैतिकता जाए भाड़ में! हमें अपना राष्ट्रहित, अपना स्वार्थ देखना है। अपनी जीडीपी बढ़ानी है। विकसित बनना है। सुरक्षा की चिंता करनी है। चीन को खुश रखना है। हमें सिर्फ़ स्वार्थों के लक्ष्यों की स्वार्थपूर्ति की राष्ट्र नीति और विदेश नीति बनाए रखनी है।

मेरा मानना है कि यूक्रेन-रूस युद्ध हो या इज़राइल के नेतन्याहू की ग़ाज़ा तबाही की ज़िद, जैसे सभी मसलों (इमिग्रेशन, पर्यावरण, ट्रंप संकट, भारत-पाक भिड़ंत, आतंकवाद, म्यांमार, पड़ोसी देशों से रिश्ते) में भारत रामजी यानी रामराज्यवादी पार्टी की सरकार के नाते मर्यादाओं यानी दुनिया की नैतिक आवाज़ के रूप में आचरण बनाता तो शायद वह नहीं होता जो हुआ है। मैं नेहरू की निर्गुट नीति को अर्थहीन मानता रहा हूं, बावजूद इसके यह तो हक़ीक़त है कि गांधी और नेहरू की भाव-भंगिमा ने भारत को उपनिवेशवाद, साम्राज्यवाद और नस्लवाद के ख़िलाफ़ दुनिया का एक नैतिक अगुआ बनाया था। भारत की छवि तब नई दुनिया की नैतिक शक्ति व एशियाई अंतरात्मा के संरक्षक की थी। तभी दुनिया के संकट स्थानों, कोरियाई प्रायद्वीप से लेकर अफ्रीकी देशों में, भारतीय सेना के शांति सैनिकों की तैनाती होती थी। इज़राइल और रूस दोनों निश्चित ही भारत के लिए उपयोगी रहे हैं लेकिन नैतिक शक्ति के सॉफ़्ट पावर के रूप में प्रधानमंत्री मोदी इज़राइल जाकर नेतन्याहू को समझाएं या पुतिन के यहां युद्ध रोकने की लॉबिंग करें तो कोई रिश्ते बिगड़ते नहीं।

पर प्रधानमंत्री की मनोदशा का यह भाव विदेश नीति में भी हावी रहा कि मेरा क्या? मुझे और मेरे जगतसेठों को क्या फ़ायदा? हमें कोई पंगा नहीं, हमें धंधा चाहिए!तभी नेहरू और मोदी का एक बुनियादी फ़र्क यह भी है कि नेहरू की प्राथमिकता में कभी धंधा नहीं रहा। वे हवा हवाई जोश में नैतिक अगुआ बने तो गांधी की छाया से अहिंसा, सत्याग्रह, न्याय, नैतिकता से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को सॉफ़्ट पावर बनाया। शीत युद्ध के दौरान भारत की सेना शांति टुकड़ियों की भी दुनिया में पहचान थी। कोई नेहरू को भले रामजी और रामराज्य के विचार का प्रतिनिधि न माने लेकिन उनकी अगुआई में भारत की नैतिक अगुआ होने की एक इमेज तो थी।बहरहाल, इन बातों का आज के 'रामराज्य' में कोई अर्थ नहीं है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कह ही दिया है, हम तो ऐंवे ही हैं!




फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन (फेस्टा) के सदस्य नई दिल्ली के सदर बाजार स्थित कुतुब रोड चौक पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर हाल ही में लगाए गए टैरिफ के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में भाग लेते हुए।

# असुरक्षा बोध भारत के नेताओं के गहना

अजीत द्विवेदी

राहुल गांधी पर भाजपा के हमले की थीम बदल गई है। अब उनको शातिर, साजिशी और देश विरोधी बताने का अभियान चल रहा है। ध्यान रहे नरेंद्र मोदी और अमित शाह के भाजपा की कमान संभालने के बाद राहुल गांधी के खिलाफ जो व्यापक प्रचार अभियान चला उसकी थीम उनको पप्पू साबित करने की थी। भाजपा का हर नेता उनके लिए यही जुमला बोलता था। उनको नासमझ बताया जाता है। उनकी बुद्धि का मजाक उड़ाया जाता था। उनको जबरदस्ती राजनीति में उतारा गया नेता बताया जाता था। कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल होने वाले हर नेता से राहुल गांधी के बारे में इस तरह के बयान दिलाए जाते थे, जिससे देश की जनता में यह संदेश जाए कि उनको कुछ नहीं आता है और वे बुद्धू हैं। इसके लिए उन कांग्रेस नेताओं को बड़े इनाम इकराम से नवाजा गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री अपने भाषणों में राहुल को शहजादे कह कर संबोधित करते थे। इसका भी मकसद यही मैसेज बनवाना था कि राहुल गांधी पप्पू हैं लेकिन चूंकि शहजादे हैं इसलिए कांग्रेस के इतने बड़े नेता बने हैं।

लेकिन अब यह थीम बदल गई है। अब कोई राहुल गांधी को पप्पू नहीं कहता है। उनकी भारत जोड़ो यात्रा के समय से उनको लेकर नैरेटिव बदलने की शुरुआत हुई। इससे पहले एक और बड़ा बदलाव हुआ था। वह किसान आंदोलन के समय हुआ। उस समय भाजपा और केंद्र सरकार ने भारत के खिलाफ साजिश का नैरेटिव बनवाया था। दुनिया भर से भारत विरोधी टूलकिट के सक्रिय होने की चर्चा हुई थी। इसके बाद बड़े सहज तरीके से राहुल को इस टूलकिट से जोड़ा जाने लगा। भारत विरोधी इस टूलकिट के लिए एक नाम खोजा गया जॉर्ज सोरोस का। दावा किया गया कि राहुल गांधी अमेरिका के इस खरबपति कारोबारी के संपर्क हैं और उसके जरिए भारत को और भारत की सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रहे हैं।

लगभग उसी समय अर्बन नक्सल का सिद्धांत लाया गया, बौद्धिक व सामाजिक कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी शुरू हुई, भारत के खिलाफ साजिश के नैरेटिव को मेनस्ट्रीम किया गया और राहुल व कांग्रेस को उससे जोड़ दिया गया। सो, नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के लगभग एक दशक बाद भाजपा के मुताबिक राहुल गांधी पप्पू से बदल कर एक शातिर नेता बन गए हैं, ऐसे नेता जो देशविरोधी ताकतों से मिला हुआ है। इस नैरेटिव को भारत सरकार के वरिष्ठ मंत्री आगे बढ़ा रहे हैं। देश के एक बड़े न्यूज नेटवर्क को इंटरव्यू में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने बिना किसी लागलपेट के कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस देश को अस्थिर करने की साजिश रचने वालों के साथ जुड़े हैं।

रिजिजू ने दावा किया कि भारत सरकार को अस्थिर करने के लिए जॉर्ज सोरोस ने एक ट्रिलियन डॉलर का फंड रखा है। सोचें, एक ट्रिलियन डॉलर का मतलब है कि भारत का जितना जीडीपी है उसके एक तिहाई के बराबर फंड एक कारोबारी ने भारत को अस्थिर करने के लिए रखा है! इसके आगे रिजिजू ने कहा कि अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और कई वामपंथी संगठनों से जुड़ी खालिस्तानी ताकतें भारत विरोधी साजिश रच रही हैं, राहुल और कांग्रेस उनके साथ खड़े हैं।

यह बात भारत सरकार का एक वरिष्ठ मंत्री कह रहा है। इसका मतलब है कि सरकार के पास ऐसी इनपुट है कि एक कारोबारी ने एक ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 87 लाख करोड़ रुपए भारत को अस्थिर करने के लिए रखा हुआ है और कांग्रेस का उसके साथ संबंध है। अगर ऐसी कोई खुफिया सूचना है तो सरकार को उस पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। अमेरिका के सामने यह मुद्दा उठाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र संघ में इसे ले जाना चाहिए और भारत में जिन नेताओं को इस साजिश में शामिल होने की खबर है उन पर कार्रवाई करनी चाहिए। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। सिर्फ नैरेटिव बनाया जा रहा है। ऐसा लग रहा है कि राहुल को पप्पू साबित करने के नैरेटिव का लाभ लेने के बाद उनको देश विरोधी बता कर नया नैरेटिव बनाया जा रहा है। लोकप्रिय विमर्श में इस बात को स्थापित किया जा रहा है कि राहुल गांधी, कांग्रेस पार्टी और व्यापक रूप से समूचा विपक्ष देश विरोधी काम कर रहा है और अकेले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबको रोकने की कोशिश कर रहे हैं। यह बात रिजिजू ने अपने इंटरव्यू में कही।

उन्होंने कहा कि मोदीजी के होते किसी को कामयाबी नहीं मिलेगी। यह नैरेटिव देश के बौद्धिकों के लिए भी चलाया जा रहा है।




मेष राशि : आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज आप अपने कार्यक्षेत्र में बदलाव लेकर आयेंगें, जिसकी वजह से आपको बड़ा लाभ होगा। आपकी कोशिशों में एक नयी किरण जगमगाएगी और जल्द ही आपको सफलता मिलेगी। आज आप अपनी मेहनत और लगन से विरोधी को परास्त कर देंगे। आज लवमेट के साथ किसी अच्छे रेस्टोरेंट में जाकर आप खाना खायेंगे।

वृषभ राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक ङ्क ठाक रहेगा। आज आपके कारोबार में दुगुना धन लाभ होगा। आज आप मार्केट जाकर परिवार के लोगों के लिए गिफ्ट खरीदेंगे, जिससे उन्हें ख़ुशी मिलेगी। आज आप पैसों के लेन ङ्क देन से बचें और व्यर्थ के खर्चो को कम करें। इस राशि की महिलाएं आज बच्चों के लिए स्वादिष्ट भोजन बनायेंगी, बच्चों को ख़ुशी मिलेगी। आज आप व्यावसायिक गतिविधियों को और समय देंगे, जिससे बेहतर नतीजे मिल सकेंगे।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम बना रहेगा। आज आप कर्मचारियों के साथ अपना रवैया अच्छा बनाये रखें, जिससे वे मन लगाकर काम करें। आज आप दोस्तों के साथ खूब हंसी मजाक करेंगें लेकिन एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना जरूरी है।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज किसी काम के प्रति आपकी जिम्मेदारी बढ़ेगी , जिसमें आप अपने कलीग की सहायता ले सकते हैं। आज अचानक आपके घर पर किसी मेहमान का आगमन हो सकता है, जिसके चलते व्यस्तता बनी रहेगी।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको आपके सवालों के सारे जवाब मिलेंगे, जिससे आपको ख़ुशी मिलेगी। आज आपकी कुछ प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मुलाकात होगी और कुछ बेहतरीन जानकारियां भी मिलेंगी। आज आपको जीवनसाथी से सरप्राइज मिलने की संभावना है।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपके मन में कुछ नए विचार आ सकते हैं, जो फ्यूचर में आपके लिए लाभदायक साबित होंगे। आज आपके घर में मेहमान का आगमन हो सकता है ,जिससे घर परिवार में भी खुशी भरा माहौल रहेगा। आज आपको किसी करीबी के माध्यम से धनलाभ होने के योग बन रहें हैं।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए उत्साह से भरा रहेगा। आज आपकी करोबारी गतिविधियां अच्छी चलेंगी, आपको रोज की अपेक्षा अधिक धन लाभ होगा । आज आपकी पारिवारिक समस्याएं सुलझ जाएंगी, जिससे घर का माहौल खुशनुमा बनेगा। आज आप बच्चों के साथ शॉपिंग करने मार्केट जायेंगे, जिससे उन्हें ख़ुशी मिलेगी।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए मिली ङ्क जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपके किसी निर्णय से परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। आज आप अपने काम को पूरा करने के लिए किसी करीबी की मदद ले सकते हैं, बेहतर होगा आप अपने विवेक का उपयोग करेंगे। आज आप समय निकालकर थोड़ी देर बुजुर्गों के साथ बैठेंगे, जिससे आपको जरूरी बातें पता चलेंगी।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक ङ्क ठाक रहने वाला है। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा , आपके घर में भौतिक साधनों की बढ़ोतरी होगी। आज आप किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए जीवनसाथी की मदद ले सकते हैं। आज कार्यभार की वजह से शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप ऑफिस की मीटिंग में अपने विचार रखेंगे , जो सभी को बहुत पसंद आयेंगे। आज किसी आदर्श व्यक्ति की प्रेरणा से सजगता और भरपूर ऊर्जा मिलेगी। आज आपके दाम्पत्य जीवन में खुशहाली आएगी , जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज किसी काम में संघर्ष के बाद सफलता मिलने के योग हैं।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप अपने कारोबार को और बड़ा बनाने का प्रयास करेंगे। आज आप किसी दोस्त से मिलने उसके घर जा सकते हैं, उससे मिलकर आपको ख़ुशी मिलेगी। आज आपको संतान की तरफ से संतोषजनक नतीजे मिलने से सुकून मिलेगा।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप घर शिफ्ट करने में अपने मित्र की मदद ले सकते हैं। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज आपको कार्यप्रणाली में लाए गए परिवर्तन के अनुकूल परिणाम मिल सकते हैं। आज आपका व्यवसायिक दृष्टिकोण कई मामलों को सुलझाने में सक्षम रहेगा।

# "प्रेम हृदय की स्वामिनी : राधा रानी"

**डॉ. रीना रवि मालपानी**

राधा अष्टमी प्रेम स्वरूपा परम पुनिता किशोरी जी राधा रानी का प्राकट्य दिवस है। ईश्वर की लीला में कृष्ण जन्मोत्सव के आनंद से उल्लासित होने वाले सभी भक्त अब रासेश्वरी ब्रज की महारानी के प्राकट्य दिवस में प्रेम पूर्वक भक्ति की यात्रा की ओर अग्रसर होगें। कहते है श्री कृष्ण की प्रसन्नता राधे-राधे नाम में निहित है। बरसाने वाली राधा रानी तो केवल प्रेम की कृपा बरसाने के लिए प्रकट हुई है। कृष्ण की शक्ति स्वरूपा राधा रानी है। प्रेम स्वामिनी कोमल हृदय से परिपूरित चन्द्रचकोरी राधा प्रेम की अनुभूति ही भक्त के जीवन में प्रदान करती है। जहाँ प्रेम होता है वहाँ ज्ञान नगण्य हो जाता है। गुण-दोष समाप्त हो जाते है।

प्रेम एक बंधन नहीं अपितु बंधन से ऊपर सर्वस्व समर्पण है। राधा-कृष्ण का मधुर संगम जीवन में प्रेम की अनुपम धारा को प्रवाहित कर देता है। कृष्ण ब्रज से जाने के पश्चात् कभी प्रेम स्वरूपा राधा को नहीं भूले, उसी प्रकार राधा भी कृष्ण के वियोग के वेदना को ही शिरोधार्य करती रही। कृष्ण के प्रेम को ही राधा अपना सर्वस्व मानती है। ब्रज की महारानी प्रेम को छल से अलग रखने की ओर प्रेरित करती है और निश्छल-निष्काम प्रेम की उत्कृष्टता को प्रदर्शित करती है। जब कृष्ण ब्रज से गए तो वे किशोरी जी को बाँसुरी भेंट कर के गए और कह कर गए की मेरी स्मृति में तुम यह बाँसुरी बजा लेना। तब श्री राधा रानी ने कहा की कन्हैया की मैं तुम्हे कभी भूलूंगी ही नहीं तो फिर बंसी कब बजाऊँगी।

राधा केवल एक नाम नहीं है बल्कि कोमल, माधुर्य एवं प्रेम हृदय की स्वामिनी का एक भाव है, जीवन में प्रेमपूर्वक की गई भक्ति का आनंद प्रवाहित करता है। राधा प्रेम की अभिव्यक्ति है। भावों की सरलता एवं सुंदरता से सुशोभित होती है। राधा की भक्ति में सर्वस्व श्री कृष्ण का निष्काम प्रेम है। राधा के प्रेम की शक्ति के अधीन श्री कृष्ण राधे नाम स्मरण करने से स्वयं भक्त के समक्ष होते है। जिस प्रकार कृष्ण के हृदय में राधे है उसी प्रकार राधे के



हृदय में प्रेम स्वरुप श्री कृष्ण विराजमान है। हमें भी अपने जीवन में उस प्रेम के प्रतीक राधे-कृष्ण की जोड़ी को हृदय में विराजमान करना है। उद्धव श्री कृष्ण को ब्रह्म स्वरुप जानते थे और यही ज्ञान वह ब्रज वासियों को देने के लिए ब्रज गए, परन्तु ब्रज में निवासरत सभी के निष्काम प्रेम ने उद्धव के ज्ञान को भी प्रेम की भक्ति में परिवर्तित कर दिया। श्री कृष्ण के प्रति ब्रज वासियों का निश्छल प्रेम कृष्ण के प्रति अपनत्व के भावों ने उद्धव के ज्ञान को उद्वेलित कर दिया। वे समझ गए की जीवन में प्रेम का कितना महत्त्व है।

प्रेम की उत्कृष्ट भावों की माला में राधा-कृष्ण का सर्वोच्च स्थान है। वे दोनों एक ही स्वरुप है। कृष्ण प्रत्येक प्राणी को आकर्षित करते है और राधा उनमें प्रेम भाव प्रवाहित करती है, पर राधा के प्रेम में आकर्षण नहीं बल्कि सर्वस्व न्यौछावर करने की प्रेरणा निहित है। उस प्रेम में प्रेमी का कल्याण और हित होता है। वृन्दावन विहारिणी रासेश्वरी कृष्ण की सहचरी नहीं है बल्कि उनकी दिव्य शक्ति स्वरूपा है। अगाध प्रेम की स्वामिनी राधा रानी का प्राकट्य वृषभानु (सूर्य भगवान के अवतार) के यहाँ हुआ, क्योंकि भगवान विष्णु के अवतार विश्व मोहिनी का स्वरुप देखकर सूर्य भगवान के मन में उन्हें पुत्री रूप में प्राप्त करने की इच्छा हुई और ईश्वर तो भक्त के अधीन होते है और प्रभु ने भक्त की इच्छा पूर्ण करने के लिए राधा रानी के रूप में आना स्वीकार किया और भाद्रपद की शुक्ल अष्टमी को राधा रानी का प्राकट्य हुआ। श्री राधा रानी प्रेम, भक्ति और कृपा की अधिष्ठात्री देवी है। राधा के लिए श्री कृष्ण उनका सम्पूर्ण संसार है। निष्काम प्रेम की प्रतिमूर्ति राधे भक्त को हृदय में शांति एवं प्रेम प्रदान करती है।

राधा रानी का प्राकट्य हमें शिक्षा देता है कि कृष्ण तक पहुँचने का सबसे सुलभ मार्ग निश्छल एवं निष्काम प्रेम है, प्रभु उसी के अधीन होते है। राधा रानी के प्रेम में सर्वस्व समर्पण था कोई अपेक्षा नहीं थी। राधा अष्टमी कोई धार्मिक तिथि या त्यौहार नहीं है बल्कि यह प्रेम और करुणा से ईश्वर की साधना का सर्वोच्च समय है। राधा का प्राकट्य श्री कृष्ण की भक्ति को परिपूर्णता प्रदान करने के लिए ही हुआ है, जिससे प्रेम के बीज का अंकुरण हृदय में होता है।

आज के भौतिकतावादी युग में निष्काम प्रेम का भाव नगण्य हो गया है, पर प्रभु से निष्काम प्रेम किया जा सकता है क्योंकि वे ही प्रेम की सच्चाई से पूर्णतः परिचित है। राधा रानी का स्वरुप हमें प्रेम के प्रति दृढ़ता सिखाता है। ईश्वर प्राप्ति में आडम्बर नहीं वरन शुद्ध हृदय से प्रेम का भाव महत्वपूर्ण है। राधा का प्रेम निष्कपटता, समर्पण, त्याग एवं करुणा जैसे अलंकारों से सुशोभित होता है। उसमें स्वार्थ का कोई अस्तित्व नहीं है। भक्त जब श्री राधा रानी की शरण में जाता है तो वह प्रेम पूर्वक अपनी भक्ति की यात्रा को पूर्ण करता है। कृष्ण राधा का सम्बन्ध लौकिक एवं अलौकिक प्रेम से ऊपर निष्काम प्रेम का प्रतीक है। वह प्रेम भक्ति और करुणा का अटूट संगम है। राधा अष्टमी में व्रत एवं पूजा का विधान सिर्फ ईश्वर के प्रति भाव को प्रगाढ़ करने के लिए है। राधा रानी मूलतः जीवन में प्रेमभाव को प्रबलता प्रदान करती है और ईश्वर से मिलन का मार्ग प्रशस्त करती है। तो आइये हम श्री कृष्ण वल्लभा राधे राधे के नाम उद्घोष से कृष्ण की कृपा को प्राप्त कर आध्यात्मिक यात्रा की ओर उन्नयन करते है। जय जय श्री राधे।



## बिहार में डबल अलर्ट : आतंकी घुसपैठ के बाद अब पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

पटना (आरएनएस)। बिहार में तीन पाकिस्तानी आतंकियों की घुसपैठ के अलर्ट के ठीक एक दिन बाद, राजधानी पटना के सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जिससे पूरे प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। एक अज्ञात ईमेल के जरिए यह धमकी दी गई, जिसमें कोर्ट परिसर में 4 आरडीएक्स विस्फोट करने की चेतावनी दी गई है।

धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद ही कोर्ट में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में पूरे परिसर को खाली करा लिया गया। सूचना मिलते ही जज, वकील और अन्य सभी कर्मचारी तुरंत कोर्ट से बाहर निकल गए। मौके पर भारी पुलिस बल और बम निरोधक दस्ता पहुंचकर जांच में जुट गया है।

शुरुआती जानकारी के अनुसार, गुरुवार को भेजे गए इस ईमेल में साफ तौर पर लिखा गया था कि 29 अगस्त को पटना सिविल कोर्ट में चार शक्तिशाली RDX IED ब्लास्ट किए जाएंगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिविल कोर्ट के रजिस्ट्रार ने तुरंत सभी को सूचित किया, जिसके बाद लोक अभियोजक राकेश कुमार ने भी सभी अधिवक्ताओं को अदालत परिसर से बाहर निकलने का निर्देश दिया।

यह बम की धमकी ऐसे समय में आई है जब बिहार पहले से ही आतंकी हमले की आशंका को लेकर हाई अलर्ट पर है। गुरुवार को ही खुफिया एजेंसियों ने नेपाल के रास्ते जैश-ए-मोहम्मद के तीन पाकिस्तानी आतंकियों के बिहार में घुसने का इनपुट दिया था। इसके बाद पूरे राज्य में अलर्ट जारी करते हुए आतंकियों की तस्वीरें भी सार्वजनिक की गई थीं।

मोतिहारी पुलिस ने इन आतंकियों पर 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया है। नेपाल सीमा से सटे पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, भागलपुर, पूर्णिया, किशनगंज, कटिहार, अररिया और सुपौल समेत सभी जिलों में विशेष चौकसी बरती जा रही है और आतंकियों की तलाश में राज्य भर में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

## कालकाजी मंदिर के सेवादार की पीट-पीटकर हत्या, चुन्नी प्रसाद को लेकर हुआ था झगड़ा

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के कालकाजी मंदिर में चुन्नी प्रसाद को लेकर हुई बहस के बाद हुए हिंसक झगड़े में सेवादार की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह घटना शुक्रवार देर शाम हुई, जब लोगों के एक समूह ने पीड़ित से झगड़ा किया, जिसकी पहचान 35 वर्षीय योगेंद्र सिंह के रूप में हुई, जो पिछले 14-15 सालों से मंदिर में 'सेवादार' के रूप में काम कर रहा था। मृतक योगेंद्र उत्तर प्रदेश के हरदोई स्थित फत्तेपुर का रहने वाला था।

दिल्ली पुलिस के अनुसार, शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे एक पीसीआर कॉल मिली, जिसके बाद पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1)/3(5) के तहत एफआईआर नंबर 515/25 दर्ज की गई है। पुलिस ने खुलासा किया कि इस घटना में शामिल एक आरोपी, अतुल पांडे (30), जो दक्षिणपुरी, दिल्ली का निवासी है, को जनता ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया। हालांकि, बाकी आरोपी अभी फरार हैं। पुलिस ने कहा कि अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है और उन्हें पकड़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

जांच में पता चला कि आरोपी मंदिर में दर्शन के लिए आया था। पूजा के बाद उन्होंने योगेंद्र सिंह से चुन्नी प्रसाद मांगा। जब सिंह ने मना किया, तो दोनों में झगड़ा हो गया। गुस्से में आरोपी अतुल और उसके साथियों ने सिंह पर लाठियों और मुक्कों से हमला कर दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए। सिंह को तुरंत एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जांच जारी है और अधिक जानकारी का इंतजार है।

## राजसमंद विधायक दिप्ती माहेश्वरी सड़क दुर्घटना में घायल

राजसमंद (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी की नेता और राजसमंद से विधायक दीप्ति माहेश्वरी की गाड़ी शनिवार सुबह उदयपुर-राजसमंद हाईवे पर एक भीषण दुर्घटना का शिकार हो गई है।यह हादसा देलवाड़ा थाना क्षेत्र में हाईवे पर सुरंग के पास हुआ। बताया जा रहा है कि यह घटना तब हुई जब विधायक अपने राजनीतिक कार्यक्रमों को पूरा करने के बाद उदयपुर जा रही थीं। इस हादसे में विधायक दीप्ति माहेश्वरी, उनके गनमैन और ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों और पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घायलों को उदयपुर के गीतांजलि अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।

# भारत-जापान का साथ निवेश, स्टार्टअप साझेदारी और कुशल पेशेवरों के लिए नए रास्ते खोलेगा : पीएम मोदी



नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री ने शनिवार को जापान के गवर्नरों के साथ एक विशेष संवाद में भारत-जापान के ऐतिहासिक संबंधों को मजबूत करने और दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह मुलाकात उनके लिए खुशी का मौका है, क्योंकि जापान के राज्यपाल उनकी क्षेत्रों की विविधता और ऊर्जा के जीवंत प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, मैं अनुभव कर रहा हूं कि इस कमरे में सैतामा की रफ्तार है, मियागी की मजबूती है, फुकुओका की जीवंतता है और नारा की विरासत की खुशबु है। आप सभी में कुमामोतो की गर्मजोशी है, नागानो की ताजगी है, शिज़ुओका की सुंदरता है, और नागासाकी की धड़कन है। आप सभी, माउंटी फूजी की ताकत है और साकुरा की आत्मा के प्रतीक हैं, जो जापान को टाइमलेस बनाते हैं। भारत और जापान का रिश्ता हजारों साल पुराना है, जो भगवान बुद्ध की करुणा और राधाबिनोद पाल जैसे नायकों के साहस से जुड़ा है। उन्होंने अपने गृह राज्य गुजरात का उदाहरण देते हुए बताया कि बीती सदी में गुजराती हीरे के व्यापारी कोबे आए थे, जबकि हमा-मात्सु की कंपनियों ने भारत के ऑटोमोबाइल क्षेत्र में क्रांति लाई। यह उद्यमशीलता दोनों देशों को जोड़ती है। आज ट्रेड, टेक्नोलॉजी, पर्यटन, सुरक्षा, स्किल और संस्कृति के क्षेत्र में नए अध्याय लिखे जा रहे हैं, जो केवल टोक्यो या दिल्ली तक सीमित नहीं, बल्कि राज्यों और प्रांतों की सोच में जीवंत हैं।प्रधानमंत्री ने अपने 15 साल के गुजरात मुख्यमंत्री कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने नीति-आधारित शासन, उद्योग को बढ़ावा, मजबूत बुनियादी ढांचा और निवेश के लिए माहौल बनाने पर ध्यान दिया, जो आज गुजरात मॉडल के नाम से जाना जाता है। 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने इस सोच को राष्ट्रीय नीति में शामिल किया।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ मुंबई में भगवान गणेश की लालबागचा राजा मूर्ति के पंडाल का दौरा किया।

## रेप केस में सजा काट रहे आसाराम ने अंतरिम जमानत की अवधि पूरी होने पर जोधपुर जेल में किया सरेंडर



जोधपुर,(आरएनएस)। नाबालिग से रेप के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम ने शनिवार, 30 अगस्त को जोधपुर सेंट्रल जेल में सरेंडर कर दिया है। राजस्थान हाई कोर्ट ने 27 अगस्त को उसकी अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद उसे यह कदम उठाना पड़ा। आसाराम को जनवरी 2025 में पहली बार 12 साल बाद अंतरिम जमानत मिली थी। उसने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए जमानत मांगी थी। जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा कि मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, आसाराम की तबीयत स्थिर है और उसे अस्पताल में भर्ती होने या लगातार चिकित्सा देखभाल की जरूरत नहीं है।अहमदाबाद के सिविल हॉस्पिटल के मेडिकल बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि आसाराम ने पिछले कुछ महीनों में इलाज के लिए कई यात्राएं की हैं और विभिन्न शहरों के अस्पतालों में सलाह ली है, लेकिन किसी भी अस्पताल में नियमित फॉलोअप नहीं कराया है। कोर्ट ने आसाराम के वकील की उस दलील को भी खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने एम्स जोधपुर की रिपोर्ट का हवाला देते हुए स्वास्थ्य में गिरावट की बात कही थी।

बेटे से भी हुई थी मुलाकात

अपनी करीब साढ़े सात महीने की जमानत के दौरान आसाराम ने 11 साल बाद अपने बेटे नारायण साईं से भी मुलाकात की थी। नारायण साईं 25 जून को सूरत जेल से जोधपुर स्थित आसाराम के आश्रम पहुंचे थे।

## इंडिया ब्लॉक में मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार को लेकर रोहिणी आचार्या ने दिया बयान

पटना (आरएनएस)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा में शनिवार को राजद अध्यक्ष लालू यादव की पुत्री रोहिणी आचार्या भी शामिल हुई हैं। इस बीच, उन्होंने इंडिया ब्लॉक में मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार को लेकर एक अजीबोगरीब बयान दिया है।उन्होंने कहा कि अभी शादी नहीं है, सुहागरात किसके साथ मनाया जाएगा, इसकी चिंता है। उन्होंने कहा कि जो जरूरी है, वही पहले होगा।

दरअसल, उन्होंने आज मीडिया से बातचीत में कहा कि अभी मतदाताओं के अधिकार की लड़ाई चल रही है। अभी शादी की बात ही नहीं चल रही है और सुहागरात किसके साथ मनाया जाएगा, उसकी चर्चा हो रही है। जो ज्यादा ज़रूरी है, उसकी बात नहीं होगी।

इस दौरान, उन्होंने आगे नीतीश कुमार की सरकार पर तेजस्वी यादव की घोषणाओं को नकल करके लागू करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में बिहार की जनता एनडीए को जवाब देगी। उन्होंने कहा कि आज उन्हें नौकरी और रोजगार दिखाई पड़ने लगे हैं, पहले कहां थे? इन लोगों ने बिहार में एक सुई की फैक्ट्री भी नहीं लगाई है।

## पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ फिर चर्चा में, पेंशन के लिए किया अप्लाई; राजस्थान विधानसभा में दिया आवेदन



नई दिल्ली (आरएनएस)। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राजस्थान विधानसभा में पेंशन के लिए आवेदन किया है। धनखड़ 1993 में कांग्रेस के टिकट पर अजमेर जिले की किशनगढ़ सीट से विधायक चुने गए थे। विधायक रहने के नाते अब उन्हें विधानसभा से पेंशन का अधिकार है। धनखड़ इस समय 74 वर्ष के हैं। नियमों के अनुसार उन्हें राजस्थान विधानसभा से करीब 42 हजार रुपये मासिक पेंशन मिलेगी। राजस्थान में नेताओं के लिए दोहरी और तिहरी पेंशन की व्यवस्था है। यानी, यदि कोई व्यक्ति सांसद और विधायक दोनों रह चुका है तो उसे दोनों पदों की पेंशन का लाभ मिलता है। यही कारण है कि कई पूर्व नेता एक साथ अलग-अलग पदों की पेंशन उठाते हैं। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पुष्टि की है कि धनखड़ का पेंशन आवेदन विधानसभा को प्राप्त हो गया है और उस पर प्रक्रिया जारी है।

गौरतलब है कि जगदीप धनखड़ ने हाल ही में अचानक उपराष्टपति पद से इस्तीफा दिया था। उन्होंने 21 जुलाई को राष्टपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर अपने इस्तीफे की जानकारी दी थी। अपने पत्र में उन्होंने स्वास्थ्य कारणों को इस्तीफे की वजह बताया था। उनके इस कदम से देश की राजनीति में हलचल मच गई थी क्योंकि उनका कार्यकाल अभी पूरा नहीं हुआ था।

धनखड़ को लेकर विपक्ष लगातार केंद्र सरकार पर हमला बोल रहा है। लोकसभा में राहुल गांधी ने सवाल उठाया था कि राज्यसभा में जिनकी आवाज गूंजती थी, वह अचानक से पूरी तरह चुप क्यों हो गए। उन्होंने कहा कि यह सभी पूछ रहे हैं कि पूर्व उपराष्टपति आखिर कहां हैं और क्यों सामने नहीं आ रहे। कपिल सिब्बल ने भी तंज कसते हुए कहा था कि अब तक तो उन्होंने 'लापता लेडीज' के बारे में सुना था, लेकिन 'लापता वाइस प्रेसिडेंट' का किस्सा पहली बार सुनने को मिला है। उन्होंने विपक्ष से अपील की थी कि धनखड़ की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें।

सिब्बल ने बताया कि उन्होंने पहले दिन धनखड़ के निजी सचिव से संपर्क किया था, जहां उन्हें सिर्फ इतना बताया गया कि वह आराम कर रहे हैं। इसके बाद न तो उनकी कोई बातचीत हुई और न ही कोई आधिकारिक जानकारी सामने आई। यहां तक कि उनकी मौजूदा लोकेशन तक किसी को पता नहीं चल पाया।

## त्योहारों में सफर होगा आसान : रेलवे 21 सितंबर से 150 'पूजा स्पेशल' ट्रेनें चलाएगा, जानें किस जोन में चलेंगी कितनी ट्रेनें



नई दिल्ली (आरएनएस)। इस बार त्योहारों पर घर जाने वाले यात्रियों को ट्रेन टिकट और भीड़ की परेशानी कम होने वाली है। रेलवे बोर्ड ने 21 सितंबर से 30 नवंबर तक 150 पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाने का ऐलान किया है। इसके लिए बाकायदा नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। इन ट्रेनों के जरिए यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित किया जाएगा और ये ट्रेनें कुल 2,024 फेरे लगाएंगी। रेल मंत्रालय ने हाल ही में त्योहारों के लिए 12,000 स्पेशल ट्रेनों का ऐलान किया था। इनमें से पहली खेप के रूप में 150 ट्रेनों की सूची जारी हुई है। आने वाले दिनों में और स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की जाएगी।

**किस ज़ोन से कितनी ट्रेनें**

1. दक्षिण मध्य रेलवे : सबसे ज्यादा 48 ट्रेनें, कुल 684 फेरे, मुख्य रूप से हैदराबाद, सिकंदराबाद और विजयवाड़ा से।
2. पूर्व मध्य रेलवे : 14 ट्रेनें, कुल 588 फेरे, पटना, गया, दरभंगा और मुज़फ़्फ़रपुर से।
3. पूर्वी रेलवे : 24 ट्रेनें, कुल 198 फेरे, कोलकाता, सियालदह और हावड़ा से।
4. पश्चिम रेलवे : 24 ट्रेनें, कुल 204 फेरे, मुंबई, सूरत और वडोदरा से।
5. दक्षिण रेलवे : 10 ट्रेनें, कुल 66 फेरे, चेन्नई, कोयंबटूर और मदुरै से।

इसके अलावा, पूर्वी तट रेलवे (भुवनेश्वर, पुरी, संबलपुर), दक्षिण पूर्व रेलवे (रांची, टाटानगर), उत्तर मध्य रेलवे (प्रयागराज, कानपुर), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (बिलासपुर, रायपुर) और पश्चिम मध्य रेलवे (भोपाल, कोटा) से भी पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि बढ़ती भीड़ को देखते हुए और ट्रेनें भी घोषित की जाएंगी। बीते वर्षों में स्टेशनों पर यात्रियों की संख्या तेजी से बढ़ी है। मंत्रालय का दावा है कि इस बार यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि भीड़भाड़ या हादसे जैसी स्थिति न बने।

## दिल्ली पुलिस ने ड्रग पैडलर को किया गिरफ्तार, 30.595 किलो गांजा बरामद

नई दिल्ल (आरएनएस)। पूर्वी जिले की पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ड्रग पैडलर को 30.595 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने गुरुवार को आईएसबीटी आनंद विहार के पास चेकिंग के दौरान यह सफलता हासिल की। आरोपी की पहचान विवेक कुमार उर्फ किट्टू (19), निवासी जिला पटना, बिहार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, एचसी अजय कुमार और कांस्टेबल रवि क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने एक युवक को चार बैग लिए हुए संदिग्ध अवस्था में देखा। पुलिस टीम को देखकर वह घबरा गया और भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन उसे तुरंत पकड़ लिया गया। जब बैगों की जांच की गई तो उनमें पैक किया गया गांजा मिला।पकड़े गए आरोपी विवेक ने पूछताछ में बताया कि यह गांजा उसे उसके गांव के ही सुरंजन कुमार यादव ने दिया था, जिसे दिल्ली के मोती नगर और रघुवीर नगर में सप्लाई करना था। आरोपी पिछले एक साल से गांजा सप्लाई के धंधे में शामिल था।

## बिहार के लोग गाली-गलौज की भाषा बर्दाशत नहीं कर सकते : ललन सिंह

पटना (आरएनएस)। बिहार में इस साल होने वाले चुनाव से पूर्व कथित वोट चोरी के विरोध में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में बिहार महागठबंधन द्वारा निकाली गई वोटर अधिकार यात्रा ने प्रदेश की सियासत को गर्म कर रखा है। इस बीच, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने इसे फर्जीवाड़ा की यात्रा बताया। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि जिस पीएम ने देश का मान दुनिया में बढ़ाया है, उनकी स्वर्गीय माता को इंगित करके गाली दी जा रही है। बिहार के लोग इस तरह की भाषा को कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने राजद के शासनकाल को याद कराते हुए कहा कि जब तेजस्वी यादव के माता-पिता का शासन था, 1990 से 2005 तक, तब लोग ऐसी ही भाषा का इस्तेमाल करते थे। इस भाषा ने यह साबित किया है कि ये लोग बिहार में फिर से उसी संस्कृति को वापस लाना चाहते हैं। इसे लेकर बिहार के लोग बहुत सजग हैं। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के भाजपा द्वारा फेक नैरेटिव फैलाने के आरोपों को नकारते हुए उन्होंने कहा कि सही में तेजस्वी यादव और राहुल गांधी फेक नैरेटिव सेट करने में लगे हैं।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नई दिल्ली में अलीपुर डीएम कार्यालय में जिला समिति अध्यक्ष के कार्यालय के उद्घाटन के दौरान।

## ट्रंप की वर्चस्व दिखाने की नीति से अमेरिका को ही नुकसान होगा : इमरान मसूद

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने अमेरिकी कोर्ट के उस फैसले का समर्थन किया है, जिसमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए अधिकांश टैरिफ को गैरकानूनी करार दिया गया।



मसूद ने कहा कि एक समझदार नेता को देश का नेतृत्व करते समय लाभ-हानि का आकलन करना चाहिए।

उन्होंने ट्रंप पर आरोप लगाया कि वह बिना सोचे-समझे नीतियां लागू कर रहे हैं। इससे अन्य देशों को कितना नुकसान होगा यह तो दूसरी बात है, लेकिन खुद अमेरिका की अर्थव्यवस्था को कितना नुकसान होगा, वे इसका आकलन नहीं कर रहे हैं।कांग्रेस सांसद के अनुसार, ट्रंप की दादागिरी और वर्चस्व दिखाने की नीति से अमेरिका की वैश्विक स्थिति कमजोर होगी।बिहार में चल रही वोटर अधिकार यात्रा में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के शामिल होने पर कहा कि राहुल गांधी ने एक नई क्रांति की शुरुआत कर दी है। यह क्रांति एक चिंगारी की तरह है, जो पूरे देश में फैल रही है और इससे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बौखला गई है।उन्होंने आगे कहा कि भाजपा इस क्रांति को रोकने के लिए नैरेटिव बदलने की कोशिश कर रही है, लेकिन वे इसमें सफल नहीं होंगे।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा के बयान पर कहा कि मैंने उनका बयान नहीं सुना है, लेकिन वह एक सभ्य महिला हैं और मुझे नहीं लगता कि महुआ ने ऐसा कोई बयान दिया होगा। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) नेता आकाश आनंद पर कांग्रेस सांसद ने कहा कि चाहे बसपा उन्हें नंबर-1 की पोजीशन दे दें, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। अगर आकाश आनंद धारा के विपरीत चलते हैं, तो उन्हें कुछ हासिल नहीं होगा, क्योंकि उनका आंदोलन दम तोड़ चुका है।उन्होंने सुझाव दिया कि आकाश आनंद को मुख्यधारा में शामिल होना चाहिए। मसूद ने आगे कहा कि देश में दो प्रमुख विचारधाराएं हैं, एक अंबेडकरवादी विचारधारा, जिसका नेतृत्व राहुल गांधी कर रहे हैं और दूसरी सावरकरवादी विचारधारा, जिसका नेतृत्व भाजपा कर रही है।उन्होंने आकाश आनंद को सलाह दी कि उन्हें यह तय करना होगा कि वे किस पक्ष का समर्थन करेंगे, क्योंकि बिना स्पष्ट रुख के रास्ता बनाना संभव नहीं है।

## शिल्पा शेट्टी ने श्रीदेवी को किया याद, रीक्रिएट किया चांदनी वाला लुक



अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी पर चांदनी का खुमार छाया है। उन्होंने इसकी एक रील अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर शेयर की है।इस रील में शिल्पा शेट्टी मशहूर अभिनेत्री श्रीदेवी के 'चांदनी' लुक को रीक्रिएट करती दिख रही हैं। शिल्पा पीली साड़ी में हूबहू श्रीदेवी जैसी लग रही हैं। वो फिल्म के गाने तेरे मेरे होठों पे गीत मितवा पर डांस भी करती दिखाई दे रही हैं।इस रील के जरिए श्रीदेवी को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें अपना आदर्श बताया है। अभिनेत्री ने इसे शेयर करते हुए पोस्ट में लिखा, मेरी आदर्श श्रीदेवी को श्रद्धांजलि।इस पोस्ट को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वो एक्ट्रेस की तारीफ भी करते दिखाई दिए।चांदनी श्रीदेवी और ऋषि कपूर की एक रोमांटिक फिल्म थी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा था। इसके गाने हिट थे, और आज भी लोग उन्हें गुनगुनाते दिख जाते हैं।इससे पहले एक पोस्ट में शिल्पा शेट्टी ने बताया था कि इस बार वो गणपति जी को घर नहीं ला रही हैं, इस बात का उन्हें दुख है। शिल्पा शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम पर पिछले गणपति उत्सव की एक रील और एक भावुक नोट साझा किया था।शिल्पा ने लिखा, इस साल आपके बिना घर अधूरा सा लग रहा है, लेकिन दिल आपके आशीर्वाद से भरा है। गणपति बाप्पा मोरया, अगले बरस आप जल्दी आना।आगे उन्होंने इसका कारण भी बताया। उन्होंने लिखा, प्रिय मित्रों, अत्यंत दुःख के साथ, हमें आपको यह सूचित करते हुए खेद हो रहा है कि परिवार में किसी के निधन के कारण, इस वर्ष हम गणपति उत्सव नहीं मना पाएंगे। परंपरा के अनुसार, हम 13 दिनों का शोक मनाएंगे और इसलिए किसी भी धार्मिक उत्सव से परहेज करेंगे। आभार सहित, कुंद्रा परिवार। शिल्पा शेट्टी को आखिरी बार फिल्म सुखी में देखा गया था। वो बहुत जल्द कन्नड़ एक्शन ड्रामा फिल्म केडी: द डेविल में नजर आएंगी। इसमें संजय दत्त, ध्रुव सरजा और नोरा फतेही भी अहम किरदार में हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर ऋतिक रोशन की वॉर 2 का हाल-बेहाल, 15वें दिन का कारोबार रहा सबसे कम

जब साल 2019 में फिल्म वॉर रिलीज हुई थी तो इसने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। इसके बाद से ही दर्शक वॉर 2 का इंतजार कर रहे थे, जो आखिरकार बीते 14 अगस्त को दर्शकों के बीच आई। इस फिल्म से निर्माताओं को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसकी हालत पस्त है। अब वॉर 2 की कमाई के 15वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है।



बॉक्स ऑफिस का लेखा-जोखा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक, वॉर 2 ने अपनी रिलीज के 15वें दिन 1.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इस तरह इस फिल्म ने अब तक भारत में 231.25 करोड़ रुपये कमाए हैं। वॉर 2 ने दुनियाभर में 350.75 करोड़ रुपये से अधिक जुटा लिए हैं। इस फिल्म को बनाने में 400 करोड़ रुपये लगे हैं। बता दें कि बॉक्स ऑफिस पर वॉर 2 का सामना परम सुंदरी और कुली से हो रहा है।

वॉर 2 में ऋतिक रोशन, कियारा आडवाणी और जूनियर एनटीआर की तिकड़ी नजर आ रही है। इस फिल्म के जरिए एनटीआर ने बॉलीवुड में कदम रखा है, वहीं ऋतिक फिल्म में कियारा के साथ इश्क फरमाते दिख रहे हैं। वॉर 2 के निर्देशन की कमान अयान मुखर्जी ने संभाली है, वहीं आदित्य चोपड़ा इस फिल्म के निर्माता हैं।

## अनुभवी कलाकारों की तुलना में इंफ्लुएंसर्स को ज्यादा मौके मिलते हैं : समृद्धि शुक्ला

अभिनेत्री समृद्धि शुक्ला इन दिनों लोकप्रिय टीवी सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता है में अपने किरदार को लेकर सुर्खियों में हैं। अभिनेत्री ने डिजिटल क्रिएटर्स के बढ़ते प्रभाव के बारे में अपनी राय रखी।

अभिनेत्री ने अकहा कि आज के मनोरंजन जगत में इंफ्लुएंसर्स को अनुभवी कलाकारों की तुलना में ज्यादा मौके मिलते हैं।

### अभिनेत्री ने

बताया, इंफ्लुएंसर्स को मौके तो मिलते हैं, लेकिन वह इसे कितने अच्छे से उपयोग करते हैं, यह तो उनके काम से ही पता चलता है। अगर कोई इंफ्लुएंसर अभिनय में अच्छा है, तो ये अच्छी बात है लेकिन अगर आपका अभिनय उतना अच्छा नहीं है, तो शायद आपको फिर से सोचना चाहिए। यह एक बदलाव है जो मैं देख रही हूं।आज के दौर में दर्शक किस तरह के कंटेंट की ओर आकर्षित होते हैं, इस पर बात करते हुए अभिनेत्री ने बताया कि टीवी पर हम ऐसा अभिनय करते हैं जिससे दर्शक अपने आपको जोड़ पाएं।उन्होंने कहा, आजकल जो शो अच्छे चल रहे हैं, उनके किरदार काफी जाने पहचाने से लगते हैं। अगर ऐसी कहानी है जिसके किरदार उस पर परफेक्ट नहीं बैठ रहे हैं, भले ही वे मुख्य किरदार ही क्यों न हों, उनमें खामियां दिखने ही लगती हैं।समृद्धि ने यह भी बताया कि वह एक अभिनेत्री के रूप में नए-नए किरदारों में खुद को ढलते देखना चाहती हैं। वो हर जॉनर में खुद को साबित करना चाहती हैं। उन्हें थ्रिलर फिल्में देखना पसंद है, लेकिन रोमांटिक कॉमेडी उनकी पसंद है। फिर भी, वह भविष्य में रोम-कॉम किरदार निभाना चाहेंगी।उन्होंने कहा, मुझे थ्रिलर बहुत पसंद है और मैं ओटीटी पर थ्रिलर करना चाहूंगी। लेकिन मैं रोम-कॉम भी करना चाहूंगी, क्योंकि मुझे कॉमेडी करना बहुत अच्छा लगता है। समृद्धि शुक्ला वर्तमान में लोकप्रिय टीवी शो ये रिश्ता क्या कहलाता है में अभिरा पोद्दार की भूमिका निभा रही हैं।



टीवी शो ये रिश्ता क्या कहलाता है लंबे समय से चलता आ रहा है। इस सीरियल का निर्माण राजन शाही के प्रोडक्शन हाउस डायरेक्टर कुट प्रोडक्शंस के तहत हो रहा है। इस सीरियल में रोहित पुरोहित और समृद्धि शुक्ला मुख्य भूमिका में हैं।

## टाइगर श्रॉफ की बागी 4 का नया पोस्टर जारी, आज आएगा ट्रेलर

अभिनेता टाइगर श्रॉफ की अपकमिंग फिल्म बागी-4 के मेकर्स ने फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट के साथ इसका पोस्टर जारी किया है। अभिनेत्री हरनाज संधू ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट में पोस्ट जारी कर इसको कैप्शन दिया, सबसे खतरनाक और खूनी मोहब्बत की कहानी शुरू होने वाली है। इस दुनिया में, हर आशिक एक विलेन होता है। बागी-4 का ट्रेलर आज 11 बजकर 11 मिनट पर रिलीज होगा। फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फैंस उनकी पोस्ट देखकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। वहीं, कमेंट सेक्शन पर वे हार्ट और फायर जैसी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।एक यूजर ने कमेंट में लिखा, इंतजार नहीं कर सकते। दूसरे यूजर ने लिखा, गिनतियां शुरू कर दो, बस कुछ ही घंटों की बात है। एक और यूजर ने लिखा, सुपर एक्साइटेड।

एक अन्य यूजर ने लिखा, फाइनली अब हरनाज स्क्रीन पर दिखेंगी। तो किसी ने लिखा, आपकी फिल्म को देखने के लिए बहुत उत्साहित हैं।बता दें, इस फिल्म का टीजर रिलीज किया जा चुका है, जिसमें टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त का खूंखार अवतार देखने को मिल रहा है। फिल्म में टाइगर अपने प्यार की खातिर पूरी दुनिया से भिड़ते दिखाई दे रहे हैं।

## तमन्ना और डायना पेंटी की नई सीरीज डू यू वाना पार्टनर की घोषणा, 12 सितंबर से प्राइम वीडियो पर होगी स्ट्रीम

निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने एक नई सीरीज की घोषणा की है। सीरीज का पहला पोस्टर जारी करते हुए करण ने इसकी रिलीज डेट के बारे में भी जानकारी साझा की है। इस सीरीज में अभिनेत्री तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगी।

करण जौहर ने नई सीरीज 'डू यू वाना पार्टनर' की घोषणा की है। करण ने अपने इंस्टाग्राम पर आज सीरीज का पहला पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में सीरीज की लीड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी नजर आ रही हैं। पोस्टर में दोनों अभिनेत्रियां चश्मा लगाए नजर आ रही हैं। करण ने इसकी रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है, जिसके मुताबिक यह नई सीरीज 12 सितंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। हालांकि, अभी तक सीरीज के बारे में और जानकारी तो सामने नहीं आई है और न ही इसकी कास्ट का पता चला है। लेकिन करण जौहर ने अपनी पोस्ट में तमन्ना और डायना के अलावा नकुल मेहता, श्वेता तिवारी, जावेद जाफरी, नीरज काबी और रणविजय जैसे सितारों को भी मेंशन किया है। जिससे ये उम्मीद जताई जा रही है कि ये सितारे भी सीरीज का प्रमुख हिस्सा हो सकते हैं।वर्कफ्रंट की बात करें तो तमन्ना को आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई फिल्म 'ओडेला 2' में देखा गया था।

## सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का टीजर जारी, वरुण धवन और जाह्नवी कपूर ने जीता दिल




*वरुण धवन और जाह्नवी कपूर स्टारर रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का टीजर रिलीज हो गया है. सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी के टीजर में वरुण और जाह्नवी की कॉमेडी केमिस्ट्री देखी जा रही है. फिल्म का निर्देशन शंशाक खैतान किया है, जो वरुण के साथ पहले भी फिल्म कर चुके हैं. वरुण और जाह्नवी फिल्म बवाल के बाद दूसरी बार बड़े पर्दे पर साथ में आ रहे हैं. इस फिल्म का टीजर बड़ा ही मजेदार हैं, जिसमें प्रभास के बाहुबली लुक की भी झलक दिख रही है.*

*सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का टीजर 53 सेकंड का है, जो वरुण धवन के कॉमेडी अंदाज के साथ शुरू होता है. टीजर के पहले सीन में वरुण धवन को बाहुबली के कॉस्ट्यूम में देखा जा रहा है, जिसमें उनका फनी अंदाज दिख रहा है. इसके बाद जाह्नवी कपूर और रोहित सराफ की दमदार एंट्री होती है और फिर इन तीनों के बीच कन्फ्यूजन की अलग ही खिचड़ी पकती है. वहीं, प्लेन में वरुण धवन ने जाह्नवी कपूर पर जोरदार पंच मार उनका मजाक बनाया है. सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का टीजर रोमांटिक कम और फनी ज्यादा है. सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा. फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी आगामी 2 अक्टूबर को रिलीज होने जा रही है. इस दिन साउथ सिनेमा से मच अवेटेड फिल्म कांतारा चैप्टर 1 भी रिलीज होने जा रही है. सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी के डायरेक्टर शशांक खैतान हैं, जो धड़क और ब्रदीनाथ की दुल्हनिया जैसी फिल्मों के लिए मशहूर हैं. सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की स्टार कास्ट में वरुण धवन, जाह्नवी कपूर, रोहित सराफ, सान्या मल्होत्रा और मनीष पॉल अहम किरदारों में नजर आएंगे.*

## शिवकार्तिकेयन की फिल्म दिल मद्रासी का दूसरा गाना वरधल्ले रिलीज़, 5 सितंबर को सिनेमाघरों देगी दस्तक

शिवकार्तिकेयन मुरुगादॉस के निर्देशन में बनी मधरासी नामक फिल्म में अभिनय कर रहे हैं। शिवकार्तिकेयन की हाल ही में आई अमरन फिल्म की सफलता को देखते हुए, फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। मुरुगादॉस को इस फिल्म से पूरी उम्मीदें हैं, क्योंकि सलमान खान के साथ उनकी पिछली फिल्म सिकंदर बुरी तरह फ्लॉप रही थी।निर्माताओं ने वरधल्ले नामक दूसरा सिंगल रिलीज़ कर दिया है। वरधल्ले गाने को अनिरुद्ध रविचंदर ने संगीतबद्ध किया है। इस गाने में मधुरता है और इसे बेहद खूबसूरती से फिल्माया गया है।रामजोगय्या शास्त्री ने रोमांटिक गीत लिखे हैं और इसे आदित्य आरके ने प्रभावशाली ढंग से गाया है। अनिरुद्ध रविचंदर, जिन्होंने पहले सिंगल के लिए एक मास नंबर दिया था, इस बार एक रोमांटिक नंबर से सबको चौंका दिया है।

# कच्चा प्याज खाने से हो सकते हैं ये नुकसान, जानें सही मात्रा



प्याज एक ऐसी सब्जी है, जो लगभग हर घर में किसी न किसी रूप में जरूर इस्तेमाल होती है। सलाद के तौर पर कच्चा प्याज खाना सेहत के लिए अच्छा माना जाता है, लेकिन क्या आपको पता है कि कच्चे प्याज का अधिक सेवन कई नुकसान भी पहुंचा सकता है। आइए आज हम आपको कच्चे प्याज के अधिक सेवन से होने वाले नुकसान और इसके लिए सही मात्रा के बारे में विस्तार से बताते हैं।

### गैस और पेट दर्द की समस्या हो सकती है

कच्चे प्याज में फाइबर की अधिक मात्रा होती है, जिस वजह से इसका ज्यादा सेवन पाचन क्रिया पर बुरा असर डाल सकता है। इसके कारण गैस और पेट दर्द जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा कच्चे प्याज के अधिक सेवन से पेट में जलन और ऐंठन भी हो सकती है। इसलिए गैस और पेट दर्द जैसी समस्याओं से बचने के लिए कच्चे प्याज की सीमित मात्रा का सेवन करें।

### शुगर का स्तर हो सकता है प्रभावित

कच्चे प्याज में कुछ ऐसे तत्व होते हैं, जो शुगर के स्तर को कम करने का काम करते हैं। हालांकि, अगर आप कच्चे प्याज का अधिक सेवन कर लेते हैं तो इससे शुगर का स्तर काफी कम हो सकता है। इससे शरीर में कमजोरी और चक्कर आने जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। इसलिए मधुमेह के रोगी भी सीमित मात्रा में ही कच्चे प्याज का सेवन करें।

### दांतों और मसूड़ों को पहुंचा सकता है नुकसान

कच्चे प्याज का अधिक सेवन दांतों और मसूड़ों को भी नुकसान पहुंचा सकता है। इसका कारण है कि इसमें कुछ ऐसे तत्व होते हैं, जो मुंह के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। कच्चे प्याज के अधिक सेवन से मुंह में जलन हो सकती है। साथ ही मसूड़ों में सूजन और दर्द हो सकता है। इसके अलावा मुंह के छाले भी हो सकते हैं। इसलिए कच्चे प्याज का अधिक सेवन न करें।

### हो सकत है सिरदर्द

अगर आपको अक्सर सिरदर्द की समस्या रहती है तो इसका कारण भी कच्चे प्याज का अधिक सेवन हो सकता है। इसके कारण सिरदर्द के साथ-साथ सिर में जलन और चक्कर जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अगर आपको सिरदर्द की समस्या है तो कच्चे प्याज का अधिक सेवन करने से बचें। बता दें कि कच्चे प्याज में कुछ ऐसे तत्व होते हैं, जो मुंह के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं।

### कच्चे प्याज खाने की सही मात्रा

अगर आप रोजाना खाना खाते समय कच्चा प्याज खाते हैं तो आपको एक दिन में 20 से 25 ग्राम कच्चे प्याज का सेवन करना चाहिए, वहीं अगर आप सलाद के तौर पर कच्चा प्याज खाते हैं तो इसे अपनी डाइट में हफ्ते में 2 से 3 बार शामिल करना बेहतर होगा। इसके अलावा कच्चे प्याज का अधिक सेवन करने से बचें क्योंकि इससे कई समस्याएं हो सकती हैं।

# यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन का इलाज करने के लिए न खाएं ये 5 चीजें



यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (यूटीआई) एक आम समस्या है, जो किसी को भी प्रभावित कर सकती है। यह तब होता है जब बैक्टीरिया मूत्र पथ में प्रवेश करते हैं और वहां बढ़ते हैं। इसके लक्षणों में पेशाब करते समय जलन, बार-बार पेशाब आना और पेशाब का रंग गंदा होना शामिल है। यूटीआई का इलाज करने के लिए कई लोग घरेलू उपाय अपनाते हैं, लेकिन कुछ खाने-पीने की चीजें इस संक्रमण को बढ़ा सकती हैं।

### कैफीन युक्त चीजों से बनाएं दूरी

चाय, कॉफी और कोल्ड ड्रिंक्स जैसी कैफीन वाली चीजें मूत्राशय की मांसपेशियों को उत्तेजित करती हैं, जिससे बार-बार पेशाब की इच्छा होती है। इससे मूत्र पथ में जलन और दर्द हो सकता है। इसलिए यूटीआई के दौरान इन पेय पदार्थों का सेवन न करें। इसके बजाय पानी या नारियल पानी पिएं। नारियल पानी पीने से पेशाब का रंग साफ हो सकता है और यह संक्रमण को कम करने में मदद कर सकता है।

### शराब का सेवन न करें

शराब का सेवन यूटीआई के मरीजों के लिए हानिकारक हो सकता है। शराब शरीर को पानी की कमी में डाल देती है और पेशाब की इच्छा को बढ़ा देती है, जिससे जलन और दर्द बढ़ सकता है। इसके अलावा शराब के कारण मूत्राशय की मांसपेशियां भी उत्तेजित होती हैं, जिससे समस्या और बढ़ सकती है। इसलिए यूटीआई के दौरान शराब से पूरी तरह बचना चाहिए। इसके बजाय पानी या नारियल पानी पीना बेहतर है।

### मसालेदार खाना न खाएं

मसालेदार खाने से पेट में जलन हो सकती है, जिससे यूटीआई के मरीजों को परेशानी हो सकती है। मसालेदार खाने से पेट में जलन और गैस बन सकती है, जो मूत्राशय को प्रभावित कर सकती है। इसके अलावा मसालेदार खाने से पेशाब करते समय जलन भी बढ़ सकती है। इसलिए यूटीआई के दौरान अधिक मसालेदार खाने से बचना चाहिए। इसके बजाय हल्का और पौष्टिक खाना खाएं, जो पेट को आराम दे और संक्रमण को कम करे।

### अधिक खट्टे चीजों का सेवन न करें

अधिक खट्टे चीजों जैसे नींबू या संतरे का रस भी यूटीआई के दौरान नहीं पीना चाहिए। इनका सेवन करने से पेट में जलन हो सकती है, जिससे समस्या और बढ़ सकती है। इसके अलावा खट्टे चीजों से पेशाब करते समय जलन भी बढ़ सकती है। इसलिए यूटीआई के दौरान अधिक खट्टे चीजों से बचना चाहिए। इसके बजाय पानी या नारियल पानी पीना बेहतर है, जो पेट को आराम दे और संक्रमण को कम करे।

### डेयरी उत्पादों का सेवन भी है नुकसानदायक

डेयरी उत्पाद जैसे दूध, दही आदि का सेवन भी यूटीआई के मरीजों के लिए हानिकारक हो सकता है। इनमें चर्बी अधिक होती है, जो पेट में जलन पैदा कर सकती है और संक्रमण को बढ़ा सकती है। इसके अलावा डेयरी उत्पादों से पेशाब करते समय जलन भी बढ़ सकती है। इसलिए यूटीआई के दौरान डेयरी उत्पादों से बचना चाहिए। इसके बजाय हल्का और पौष्टिक खाना खाएं, जो पेट को आराम दे और संक्रमण को कम करे।

## ट्रंप कहां हो गए 'लापता'? अमेरिकी राष्ट्रपति के गायब होने की अफवाहों से हड़कंप, व्हाइट हाउस ने साधी चुप्पी

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अचानक सार्वजनिक जीवन से दूर हो जाने के कारण अमेरिका में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है और अटकलों का बाजार गर्म है। पिछले कई दिनों से उनके स्वास्थ्य को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच, अब उनके कथित तौर पर 'लापता' होने की खबरें



सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रही हैं। राष्ट्रपति ट्रंप, जो आमतौर पर मीडिया में सक्रिय रहते हैं और लगभग हर दिन कोई न कोई बयान देते हैं, पिछले करीब दो दिनों से पूरी तरह से शांत हैं। उनकी कोई सार्वजनिक उपस्थिति दर्ज नहीं की गई है। ऑनलाइन चर्चाओं और गुमनाम सोशल मीडिया अकाउंट्स द्वारा यह दावा किया जा रहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति 'सार्वजनिक परिदृश्य से गायब' हो गए हैं। मामले को और हवा इस बात से मिल रही है कि आज यानी 30 अगस्त और कल 31 अगस्त के लिए उनके किसी भी आधिकारिक सार्वजनिक कार्यक्रम का कोई उल्लेख नहीं है। इन अटकलों पर अब तक व्हाइट हाउस की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी या स्पष्टीकरण नहीं आया है। प्रशासन की इस चुप्पी ने बेचैनी और बढ़ा दी है, जिससे सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों को और बल मिल रहा है। हालांकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि ये सभी खबरें फिलहाल अपुष्ट स्रोतों पर आधारित हैं और किसी भी मुख्यधारा के मीडिया या आधिकारिक चैनल ने इसकी पुष्टि नहीं की है।बहरहाल, जब तक व्हाइट हाउस इस मामले पर कोई बयान जारी नहीं करता, तब तक अमेरिकी राजनीति और मीडिया में डोनाल्ड ट्रंप की अनुपस्थिति को लेकर सवाल उठते रहने की पूरी संभावना है।

## यूक्रेन युद्ध के लिए मोदी जिम्मेदार नहीं', यूएस में ही होने लगी ट्रंप के अधिकारियों की आलोचना

वाशिंगटन (आरएनएस)। रूस से रियायती दर पर कच्चा तेल खरीदने को लेकर अमेरिका में भारत पर हो रहे हमलों के बीच एक प्रभावशाली अमेरिकी-यहूदी समर्थक समूह भारत के पक्ष में खड़ा हो गया है। समूह ने ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों द्वारा की जा रही आलोचना की निंदा करते हुए साफ कहा है कि यूक्रेन संकट के लिए भारत को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

अमेरिका के सबसे पुराने यहूदी समर्थक समूहों में से एक, अमेरिकन ज्यूइश कमेटी ( AJC) ने शुक्रवार को अमेरिकी अधिकारियों के बयानों पर हैरानी जताते हुए अमेरिका-भारत संबंधों को फिर से पटरी पर लाने का आह्वान किया।

यह मामला तब गरमाया जब व्हाइट हाउस के पूर्व व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने रूस-यूक्रेन संकट को मोदी का युद्ध करार दे दिया। ट्रंप प्रशासन से जुड़े अधिकारी लगातार यह आरोप लगा रहे हैं कि भारत द्वारा खरीदे जा रहे रूसी तेल से मिले पैसों का इस्तेमाल राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन के खिलाफ युद्ध जारी रखने के लिए कर रहे हैं। AJC ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि वह अमेरिकी अधिकारियों की ओर से भारत पर किए गए जुबानी हमलों से बहुत हैरान और चिंतित है। समूह ने नवारो की टिप्पणी को एक अपमानजनक आरोप बताया।संगठन ने अपनी पोस्ट में लिखा, हमें ऊर्जा के लिए जरूरतमंद भारत की रूसी तेल पर निर्भरता पर खेद है, लेकिन भारत पुतिन के युद्ध अपराधों के लिए जिम्मेदार नहीं है। यह एक सहयोगी लोकतांत्रिक देश और अमेरिका का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है। महाशक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा में इसकी एक महत्वपूर्ण भूमिका है।

# रूस का यूक्रेन पर सबसे बड़ा हमला: 540 ड्रोन और 45 मिसाइलों से दहलाए 14 शहर, भीषण तबाही

कीव(आरएनएस)। रूस ने शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक यूक्रेन पर इस साल के सबसे बड़े और विनाशकारी हमलों में से एक को अंजाम दिया है। करीब 540 ड्रोन और 45 मिसाइलों के ताबड़तोड़ हमले से यूक्रेन के 14 शहर दहल उठे, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन बच्चों समेत 24 लोग घायल हो गए। इस भीषण हमले ने रिहायशी इमारतों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों को भारी नुकसान पहुंचाया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने हमले की भयावहता बताते हुए कहा कि रूस ने एक बार फिर आम नागरिकों के घरों को निशाना बनाया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि सबसे ज्यादा तबाही जापोरिज्झिया शहर में हुई, जहां एक पांच मंजिला रिहायशी इमारत पर सीधा मिसाइल हमला हुआ। इस हमले के बाद शहर की बिजली गुल हो गई और करीब 25,000 लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हो गए। स्थानीय गवर्नर इवान फेदोरोव ने बताया कि धमाकों से कई इलाकों में आग लग गई और दर्जनों लोग घायल हुए। राष्ट्रपति जेलेंस्की के अनुसार, वोलिन, डोनबास, खार्किव और कीव समेत 14 क्षेत्रों को निशाना बनाया गया।



उन्होंने आरोप लगाया कि रूस ने कूटनीतिक बातचीत के लिए मिले समय का इस्तेमाल हमले की तैयारी में किया। जेलेंस्की ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से कड़ी अपील करते हुए कहा, रूस के खिलाफ केवल बयानों से काम नहीं चलेगा, बल्कि उसके बैंकिंग और ऊर्जा क्षेत्र पर कड़े प्रतिबंध लगाने होंगे। अगर रूस को रोका नहीं गया तो वह लगातार ऐसे ही हमले करता रहेगा।

इस हमले के जवाब में यूक्रेन ने भी पलटवार करते हुए रूस की दो प्रमुख तेल रिफाइनरियों पर ड्रोन से हमला किया। दक्षिणी रूस के क्रास्नोदार और सामारा के सिजरान इलाके में स्थित रिफाइनरियों में धमाकों और आग लगने की खबरें हैं। रूसी अधिकारियों ने क्रास्नोदार रिफाइनरी में ड्रोन के मलबे से आग लगने की पुष्टि की है। वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने 11 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराने का दावा किया है।यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब शांति वार्ता की कोशिशें लगभग ठप पड़ी हुई हैं। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों के नेताओं से अलग-अलग मुलाकात की थी, लेकिन रूस ने पुतिन और जेलेंस्की के बीच सीधी बैठक की किसी भी संभावना से इनकार कर दिया था।

## चांद पर फिर जाएगा भारत, चंद्रयान-5 मिशन में जापान होगा साझीदार; 10 ट्रिलियन येन के निवेश का भी ऐलान

टोक्यो (आरएनएस)। भारत ने अपने महत्वाकांक्षी चंद्र मिशन को एक नई ऊंचाई देते हुए चंद्रयान-5 के लिए जापान के साथ हाथ मिलाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को टोक्यो में इस ऐतिहासिक सहयोग की घोषणा की। यह मिशन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी द्वारा संयुक्त रूप से चलाया जाएगा।

यह महत्वपूर्ण घोषणा प्रधानमंत्री मोदी ने अपने जापानी समकक्ष शिगेरू इशिबा के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद एक संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग के दौरान की। दोनों देशों ने अगले एक दशक के लिए अपनी रणनीतिक साझेदारी का एक विस्तृत रोडमैप भी तैयार किया है, जिसमें जापान द्वारा भारत में 10 ट्रिलियन येन (लगभग 5.25 लाख करोड़ रुपये) के निवेश का लक्ष्य भी शामिल है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरिक्ष सहयोग पर जोर देते हुए कहा, हम चंद्रयान-5 मिशन के लिए इसरो और JAXA के बीच सहयोग का स्वागत करते हैं। हमारी सक्रिय भागीदारी अब पृथ्वी की सीमाओं से परे जा चुकी है और यह अंतरिक्ष में मानव जाति की प्रगति का प्रतीक बनेगी।

अपनी जापान यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री इशिबा के साथ हुई बातचीत को उपयोगी और उद्देश्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा, हमने अगले दशक के लिए सहयोग का एक मजबूत रोडमैप तैयार किया है। हमने निवेश, नवाचार और आर्थिक सुरक्षा सहित कई क्षेत्रों में सहयोग के लिए 10-वर्षीय योजना बनाई है।

# पूर्व एनएसए ने सुनाई खरी-खरी कहा- भारत और चीन को दोस्त बनने के लिए मजबूर कर रहे हैं ट्रंप



वाशिंगटन (ए)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने भारत के खिलाफ आक्रामक टैरिफ नीति अपनाने के लिए ट्रंप प्रशासन की आलोचना की है। उनके मुताबिक अमेरिका के राष्ट्रपति अपनी इन नीतियों की वजह से भारत को जानबूझकर चीन की ओर धकेल रहे हैं, जो कि अमेरिका के हितों के बिल्कुल विपरीत है। पूर्व अमेरिकी अधिकारी का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के संबंध सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। अमेरिका ने भारत के ऊपर 25 फीसदी का व्यापार टैरिफ और रूसी तेल खरीदने के लिए 25 फीसदी का अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया गया है। ट्रंप प्रशासन की तरफ से लगातार भारत को निशाना बनाया जा रहा है।

भारत ने इसका भरपूर विरोध किया है। और अपने किसानों के हितों और संप्रभुता को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाने की बात कही है।

बाइडेन के समय में सुरक्षा सलाहकार रहे सुलिवन ने दुनियाभर के देशों में अमेरिका के प्रति बढ़ते अविश्वास के मुद्दे पर भी बात की। उन्होंने कहा कि आज हमारे सहयोगी देश हमें एक विघटनकारी देश के रूप में देखते हैं, आज चीन लोकप्रियता और स्थायी नीतियों के मामले में हमसे आगे निकल गया है। उन्होंने कहा, जब मैं अब इन जगहों पर जाता हूं और नेताओं से बात करता हूं, तो वे संयुक्त राज्य अमेरिका से जोखिम कम करने की बात कर रहे होते हैं। वह अब अमेरिका को एक विघटनकारी देश के रूप में देखते हैं, जिस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। आज हालात यह हैं कि चीन वैश्विक स्तर पर एक लोकप्रिय खिलाड़ी है, जबकि हमारा अमेरिकी ब्रांड टॉयलेट में नजर आता है।

## अमेरिका में पंजाबी युवक को पुलिस ने गोलियों से भूना, सरेआम लहरा रहा था हथियार

वाशिंगटन (ए)। अमेरिका के लॉस एंजेलिस में सिख समुदाय के एक युवक को पुलिस ने गोली मार दी। वह बीच सड़क पर तलवार लहरा रहा था। अमेरिका में रहते सिख समुदाय का दावा है कि वह गतका कर रहा था। इस पूरे मामले की वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है।

मृतक की पहचान गुरप्रीत के रूप में हुई है। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। लॉस एंजिल्स पुलिस डिपार्टमेंट एलएपीडी के अनुसार डाउनटाउन में क्रिप्टो डॉट कॉम एरिना के पास गुरप्रीत सिंह सड़क पर लोगों को धारदार हथियार दिखाकर धमका रहा था। पुलिस ने उसे हथियार छोड़ने के लिए कहा, लेकिन उसने बात नहीं मानी।यह घटना 13 जुलाई की सुबह हुई थी, लेकिन हाल ही में पुलिस ने इसका बॉडीकैम वीडियो जारी किया, ।

## खेल समाचार

# हॉकी वर्ल्ड कप खेलने भारत आएगी पाकिस्तानी टीम, भारत से होगा ग्रुप स्टेज में 'महामुकाबला'

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर जारी तनाव और हालिया आतंकी हमलों के बाद बने तल्ख माहौल के बीच, खेल के मैदान से एक बड़ी और सकारात्मक खबर सामने आई है। पाकिस्तान ने इस साल के अंत में भारत में होने वाले FIH जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है। यह फैसला इसलिए भी अहम है क्योंकि कुछ ही समय पहले पाकिस्तान की सीनियर टीम ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत में चल रहे हॉकी एशिया कप से अपना नाम वापस ले लिया था।हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने शनिवार को इस बात का ऐलान किया कि पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने FIH जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में अपनी टीम भेजने की आधिकारिक पुष्टि कर दी है। उन्होंने इसे खेल की भावना के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। यह प्रतिष्ठित अंडर-21 टूर्नामेंट युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बड़ा मंच प्रदान करता है।



गौरतलब है कि हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले और उसके जवाब में भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद दोनों देशों में तनाव चरम पर है। इसी तनाव और सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने बिहार के राजगीर में चल रहे हॉकी एशिया कप 2025 में अपनी सीनियर टीम को भेजने से इनकार कर दिया था। लेकिन अब जूनियर वर्ल्ड कप के लिए टीम भेजने का फैसला दोनों देशों के खेल संबंधों के लिए एक अहम घटनाक्रम माना जा रहा है। FIH जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप 2025 का आयोजन इस साल 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में किया जाएगा, जिसमें दुनिया भर की 24 टीमें हिस्सा लेंगी। हॉकी प्रेमियों के लिए सबसे बड़ी खबर यह है कि मेजबान भारत और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को एक ही पूल-बी में रखा गया है। इस ग्रुप में उनके साथ चिली और स्विट्ज़रलैंड की टीमें भी हैं। इस ड्रॉ के साथ ही ग्रुप स्टेज में भारत और पाकिस्तान के बीच एक हाई-वोल्टेज 'महामुकाबला' होना तय हो गया है। पीडित होते हैं। जब तक शीर्ष सत्ता के गलियारों में जवाबदेही नहीं आती, पाकिस्तान एक ऐसा देश बना रहेगा।

# IPL 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स में बड़ा उलटफेर, हेड कोच राहुल द्रविड़ ने अचानक छोड़ा पद



जयपुर (आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के 2026 सीजन से पहले राजस्थान रॉयल्स के खेमे से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। टीम के हेड कोच और भारतीय क्रिकेट के दिग्गज राहुल द्रविड़ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए इस बड़े बदलाव की जानकारी अपने प्रशंसकों को दी।रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फैसला खुद राहुल द्रविड़ का है। हालांकि उनके इस अचानक लिए गए फैसले के पीछे की वजहों को लेकर कयासों का दौर शुरू हो गया है, जिसमें पिछले सीजन में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन को भी एक बड़ा कारण माना जा रहा है।

राहुल द्रविड़ की देखरेख में IPL 2025 में राजस्थान रॉयल्स का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। टीम 14 मैचों में से केवल 4 में ही जीत हासिल कर सकी और 10 मुकाबलों में हार के साथ पॉइंट्स टेबल में 9वें स्थान पर रही थी। सीजन के दौरान कप्तान संजू सैमसन और कोच द्रविड़ के बीच अनबन की खबरें भी मीडिया में आई थीं, हालांकि उस समय दोनों ने इन खबरों का खंडन किया था। राजस्थान रॉयल्स ने एक प्रेस रिलीज जारी कर द्रविड़ के योगदान की सराहना की। फ्रेंचाइजी ने कहा, राजस्थान रॉयल्स आज ऐलान कर रही है कि हेड कोच राहुल द्रविड़ आईपीएल 2026 से पहले अपना कार्यकाल खत्म कर रहे हैं। राहुल कई सालों से रॉयल्स की यात्रा के केंद्र में रहे हैं। उनके नेतृत्व ने खिलाड़ियों की एक पीढ़ी को प्रभावित किया है। फ्रेंचाइजी ने यह भी खुलासा किया कि राहुल को एक बड़े पद की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं करने का फैसला किया। टीम ने द्रविड़ की सेवाओं के लिए उनका हार्दिक धन्यवाद किया। राहुल द्रविड़ की राजस्थान रॉयल्स में यह दूसरी पारी थी। वह T20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद भारतीय टीम के मुख्य कोच का पद छोड़ने के बाद रॉयल्स से जुड़े थे। इससे पहले, वह 2011 से 2013 तक एक खिलाड़ी के तौर पर और 2015 तक मेंटर के रूप में टीम का हिस्सा रह चुके हैं। उनके अचानक जाने से फ्रेंचाइजी को अब IPL 2026 की नीलामी से पहले एक नए कोच की तलाश करनी होगी।

## सांसद खेल महोत्सव-2025 का शुभारंभ, बढ़-चढ़ कर भाग लें युवा साथी : अनुराग सिंह ठाकुर

शिमला (आरएनएस)। पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने आज राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा निखारने व उन्हें प्लेटफ़ॉर्म प्रदान करने के लिए सांसद खेल महोत्सव-2025 के शुरुआत की घोषणा कर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से इसके विस्तृत रूप-रेखा की जानकारी साझा की है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा खेल सिर्फ़ मनोरंजन का नहीं बल्कि ख़ुद को फिट रखने का सबसे सरल माध्यम है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं और नागरिकों को फिटनेस की ओर प्रेरित करने के लिए 'एक घंटा खेल के मैदान में' का आह्वान किया है। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की 120वीं जयंती के उपलक्ष्य में होने वाले इस सांसद खेल महोत्सव से युवाओं में खेल भावना का विकास होगा व साथ ही फिट इंडिया मुहिम को भी बढ़ावा मिलेगाअनुराग सिंह ठाकुर ने कहा आज देश भर में सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत की जा रही है मगर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए ये आयोजन नया नहीं है। पूर्व में सांसद खेल महाकुंभ नाम से इस आयोजन के 3 संस्करण में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के हज़ारों खिलाड़ी पहले ही भाग ले चुके हैं।

## बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में भारतीय जोड़ी का शानदार प्रदर्शन

### सात्विक-चिराग की जोड़ी को पदक मिलना तय

नईदिल्ली,(ए.)। बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में शुक्रवार को भारतीय दल को मिली दो निराशाओं के बाद, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने सकारात्मक परिणाम हासिल किया. इन दोनों खिलाड़ियों को अब पदक मिलना कंफर्म हो गया है, क्योंकि इन्होंने क्वार्टर फाइनल में मलेशियाई जोड़ी को 21-12, 21-19 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

इसके साथ ये जोड़ी विश्व चैंपियनशिप में कोई पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन जाएंगे. जबकि सिंधु और साइना के बाद बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले केवल ये तीसरे भारतीय बन गए हैं. इसके अलावा टोक्यो 2022 में कांस्य पदक जीतने वाली इस भारतीय जोड़ी के लिए यह दूसरा पदक होगा।

इससे पहले, मिक्स्ड डबल में भारतीय जोड़ी ध्रुव कपिला और तनिषा कास्त्रो क्वाडर फाइनल में हार गई थी और दो बार की ओलंपिक विजेता पीवी सिंधु भी विश्व की नौवें नंबर की खिलाड़ी पुत्री कुसुमा से क्वाटर फाइनल हारकर वर्ल्ड चैंपियनशिप से बाहर हो गई थी.

मैच की बात करें तो विश्व की नौवें नंबर की जोड़ी सात्विक और चिराग ने शानदार शुरुआत की, उन्होंने 11- 6 की बढ़त के साथ पहला गेम आसानी से जीत लिया. दूसरे गेम में, भारतीयों ने अपने लगातार आक्रमण से मलेशियाई जोड़ी को बैकफुट से खेलने पर मजबूर कर दिया. लेकिन मलेशियाई जोड़ी ने ब्रेक के बाद जवाबी हमला किया, जिससे खेल एक करीबी मुकाबले में बदल गया।

## किरोन पोलार्ड 14,000 टी-20 रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने, जानिए उनके आंकड़े

नईदिल्ली,(ए)। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर किरोन पोलार्ड टी-20 में 14,000 रन पूरे करने वाले दुनिया के केवल दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) में गुरुवार रात को अपनी टीम त्रिनबागो नाइट राइडर्स की ओर से खेलते हुए बारबाडोस रॉयल्स के मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की है। पोलार्ड मैच में 9 गेंदों पर नाबाद 19 रन बनाकर नाबाद रहे। ऐसे में आइए पोलार्ड के टी-20 करियर और आंकड़ों पर नजर डालते हैं।

इस उपलब्धि के साथ पोलार्ड टी-20 क्रिकेट में 14,000 से अधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले यह उपलब्धि हासिल करने वाले एकमात्र अन्य खिलाड़ी पोलार्ड के पूर्व वेस्टइंडीज टीम के साथी क्रिस गेल हैं। गेल ने जहां 463 मैचों में 14,562 रनों के साथ अपने टी-20 करियर का अंत किया था, वहीं पोलार्ड ने अब 712 मैचों में 31.67 की औसत से कुल 14,000 रन बना लिए हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 150.97 की रही है।

पोलार्ड ने अपने टी-20 करियर में एक शतक और 64 अर्धशतक लगाए हैं। वह इस प्रारूप में 600 से ज्यादा मैच खेलने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। उन्होंने टी-20 क्रिकेट में 942 छक्के लगाए हैं। उनसे ज्यादा छक्के केवल गेल (1,056) ने ही लगाए हैं। पोलार्ड अपने टी-20 करियर में 19 टीमों के लिए खेले हैं। उन्होंने 101 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 25.30 की औसत से 1,569 रन बनाए हैं। इसी तरह उन्होंने 63 पारियों में 42 विकेट भी चटकाए हैं।

पोलार्ड ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस के लिए 189 मैचों में 28.67 की औसत से कुल 3,412 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 107 पारियों में गेंदबाजी करते हुए 69 विकेट भी चटकाए हैं। सीपीएल में पोलार्ड ने 3 टीमों के लिए 130 मैचों की 118 पारियों में 33.96 की औसत से 2,955 रन बनाए हैं। इसी तरह 69 पारियों में 61 विकेट भी अपने नाम किए हैं।

इस महीने की शुरुआत में पोलार्ड सीपीएल इतिहास में 200 छक्के (अब 204) लगाने वाले केवल दूसरे खिलाड़ी बने थे। इस उपलब्धि के साथ पोलार्ड 2 प्रमुख फ्रैंचाइजी-आधारित टी-20 लीगों में 200 से अधिक छक्के लगाने वाले पहले खिलाड़ी भी बन गए। उन्होंने इससे पहले आईपीएल में यह उपलब्धि हासिल की थी। पोलार्ड ने आईपीएल करियर का अंत 223 छक्कों के साथ किया था। वह ड्वेन ब्रावो के साथ कुल 17 टी-20 खिताब जीतने वाले खिलाड़ी भी हैं।

## दलीप ट्रॉफी 2025: यश ढुल ने जड़ा 8वां प्रथम श्रेणी शतक, जानिए उनके आंकड़े

नईदिल्ली(ए)। दलीप ट्रॉफी 2025 के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नॉर्थ जोन के बल्लेबाज यश ढुल ने ईस्ट जोन के खिलाफ अपनी दूसरी पारी में शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतकीय पारी खेली। यह उनके प्रथम श्रेणी करियर का 8वां शतक रहा, जिसे उन्होंने 112 गेंदों में पूरा किया। उनकी इस पारी की बदौलत नॉर्थ जोन की टीम ने मैच में बड़ी बढ़त हासिल करते हुए अपनी स्थिति मजबूत कर ली। आइए ढुल की पारी और प्रथम श्रेणी आंकड़ों पर नजर डालते हैं।

नॉर्थ जोन को दूसरी पारी में 53 रन के कुल स्कोर शुभम खजौरिया (21) के रूप में पहला झटका लग गया था। इसके बाद बल्लेबाजी पर आए ढुल ने कप्तान अंकित कुमार के साथ पारी को आगे बढ़ाया। इस दौरान दोनों ने अपने अर्धशतक पूरे किए बाद में ढुल ने उसे शतक में तब्दील कर दिया। दोनों के बीच 150 रन से अधिक की साझेदारी हो चुकी है। ढुल अब तक 11 चौके और 2 छक्के जड़ चुके हैं।

ढुल ने अपने प्रथम श्रेणी करियर में अब तक 31 मैच खेले हैं, जिसमें 51 पारियों में 45 से अधिक की औसत के साथ 2,154* से अधिक रन बना लिए हैं। इस बीच उन्होंने 8 शतक के अलावा 6 अर्धशतक भी लगाए हुए हैं। इस प्रारूप में उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 200 रन रहा है। ढुल ने रणजी ट्रॉफी 2022 में अपने डेब्यू मैच की दोनों पारियों में शतक (बनाम तमिलनाडु क्रिकेट टीम) लगाने का कारनामा किया था।

# प्रधानमंत्री की दिवंगत माँ पर की गई अशोभनीय टिप्पणी से नाराज कार्यकर्ताओं ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

## एसपीएम गेट नं 4 पर हुआ जोरदार प्रदर्शन लोकसभा और राज्यसभा सांसद हुए शामिल




नर्मदापुरम( निप्र)। बिहार के दरभंगा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के स्वागत मंच से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी दिवंगत माताजी पर की गई अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में शनिवार भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला दहन एसपीएम गेट नं 4 पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक महालहा के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि राहुल गांधी इस देश की परंपराओं और इस लोकतंत्र को तार तार कर रहे है।

पहले तो झूठ की यात्रा और अब इस वोटर अधिकार यात्रा में चुने हुए प्रधानमंत्री को मां.बहन की गाली देना आपत्तिजनक ही नहीं खेदजनक भी है। इस देश की कभी ये परंपरा नहीं रही कि प्रधानमंत्री को गाली दे रहे है। राहुल गांधी को चाहिए खुद आगे आकर जनता से माफी मांगे ये नरेंद्र मोदी का ही अपमान नहीं बल्कि देश की जनता का अपमान है। प्रधानमंत्री को गाली देकर इस देश की राजनीति को बदनाम किया जा रहा है जो की शर्मनाक है। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सुंदरम अग्रवाल ने बताया कि इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस विरोध प्रदर्शन में सांसद दर्शन सिंह चौधरी राज्यसभा सांसद माया नारोलिया नपा अध्यक्ष नीतू यादव भाजपा जिला महामंत्री प्रसन्ना हर्णे मुकेश मैना लोकेश तिवारी राजेश तिवारी अध्यक्ष रूपेश राजपूत विकास नारोलिया राहुल सोलंकी हंस राय रोहित गौर मनोहर बढ़ानी योगेंद्र राजपूत महेंद्र यादव प्रशांत दीक्षित मनीष परदेशी गजेन्द्र चौहान राहुल ठाकुर सहित युवा मोर्चा कार्यकर्तागण विमल साहू गौरव नायक मुकेश राठौर रहमान खान वीरू पटवा पीयूष दुबे दुर्गेश मिश्रा जसबीर सिंह सुमित मीणा अमन चुटिले पंकज खत्री प्रवेश सोनी हर्ष सराठे सागर संतोरे कृतिक शिवहरे यश तिवारी पीयूष वग्गन केतन बरगले सहित अन्य भाजपा व भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पर्यूषण पर्व की भक्ति में सराबोर हैं जैन धर्मावलंबी

## व्रतोपासना के साथ हो रही हैं अनेक प्रतियोगिताएं

नर्मदापुरम( निप्र)। जैन समाज के प्रमुख पर्व पर्युषण पर्व की शुरुआत हो चुकी है। समाज में विशेष उत्साह व उल्लास है। इस पर्व पर जैन मंदिरों में विशेष आयोजन शुरू हो गए हैं। जो दस दिनों तक जारी रहेंगे। जैन धर्मावलंबी दस दिनों तक अपने दसधर्म उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, सोच, संयम, तप त्याग, आंकिचन एवं ब्रह्मचर व्रत का पालन कर संयम से 10 दिनो में तप आराधना करते हैं। मंदिर जी में 10 लक्षण विधान का आयोजन हो रहा है। सायं काल मंदिर जी में मंगल आरती एवं प्रवचन के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम, बच्चों के आयोजन प्रतियोगिताएं 10 दिनों तक करवाई जाती है। मंदिर में सैकड़ों की संख्या में श्रावक जन, अपनी उपस्थिति देकर अपने कर्मों की निर्जला का त्योहार पर्यूषण पर्व भक्ति भाव से मना रहे हैं। समाज के समाजसेवियों द्वारा व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

## संयुक्त संचालक ने किया त्रैमासिक परीक्षा का आकस्मिक निरीक्षण

नर्मदापुरम (निप्र)। संभागीय संयुक्त संचालक नर्मदापुरम डॉ. मनीष वर्मा ने विगत दिवस शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्मदापुरम का आकस्मिक निरीक्षण कर दोपहर 1:30 से आयोजित कक्षा 11वीं एवं 12वीं की त्रैमासिक परीक्षा का अवलोकन किया। इस दौरान सभी परीक्षा कक्षों में शिक्षकों को पर्यवेक्षण कार्य जिम्मेदारी के साथ मुस्तैदी से करने के निर्देश दिए गए। यह गौरतलब है कि कक्षा 11वीं का अर्थशास्त्र एवं भौतिक शास्त्र विषय का एवं कक्षा 12वीं में हिंदी विषय की आयोजित परीक्षा में कक्षा 11वीं में उपस्थित 180 व 12वीं में उपस्थित 168 छात्राओं को एकांतर क्रम में बैठाया गया। कुछ पर्यवेक्षक परीक्षा कक्ष में ड्यूटी करने के स्थान पर अन्य कार्य करते हुए पाए गए।

# अतिथिगणों ने किया वार्ड नंबर 21 में सिद्धि विनायक पार्क का लोकार्पण

## शहर में एक करोड़ 44 हजार की लागत से होगा विद्युतीकरण कार्य, भूमि पूजन हुआ



नर्मदापुरम( निप्र)। रसूलिया स्थित वार्ड क्रमांक 21 में नगरपालिका परिषद मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना अंतर्गत नर्मदापुरम के विभिन्न वार्डों में विद्युतीकरण कार्य लागत 100.44 लाख एवं विधायक निधि अंतर्गत सिद्धि विनायक पार्क एवं पेवर्स ब्लाक निर्माण कार्य लागत राशि 4.37 लाख का लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद दर्शन सिंह चौधरी राज्यसभा सांसद माया नारोलिया नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले उपयंत्री रीना गुप्ता दीक्षा तिवारी गौरव वर्मा वार्ड पार्षद महिमा रोहित गौर सहित पार्षदगण पार्षद प्रतिनिधिगण एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी भाजपा नेता हंस राय सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता तथा रसूलिया क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी अतिथिगणों द्वारा एक पौधा मां के नाम रोपित किया। साथ ही वार्ड पार्षद महिमा रोहित गौर द्वारा सभी को तुलसी का पौधा भेंट कर स्मृति चिह्नित और शाल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित गौर द्वारा किया गया।

### सांसद ने स्वदेशी अपनाओ पर जोर दिया

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री चौधरी ने कहा कि एक समय वो था जब महात्मा गांधी जी ने अंग्रेजों के शासनकाल में स्वदेशी अपनाओं का नारा दिया था जिससे समूचे भारत में विदेशी कपडों की होली जलाई गई थी। भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए हम सबको आगे आना होगा। हमें स्वदेशी वस्तुएं अपनाना होगा। यह आव्हान हमारे प्रदेश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। उन्होंने इस अवसर पर वार्ड 21 के लिए 1 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की। उन्होंने कहा कि हमारी नगरपालिका परिषद बहुत अच्छा कार्य कर रही है।

### नपा के द्वारा हो रहे शहर में विकास कार्य- माया नारोलिया

राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने कहा कि नगरपालिका द्वारा विकास कार्य जारीं है। जो विद्युतीकरण कार्य का भूमि पूजन किया गया है उससे समूचा नगर जगमगाएगा। अध्यक्ष नीतू यादव को शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने कहा कि आप सभी यहां स्वदेशी अपनाएं का बैनर लगाएं। इस बार गणोशोत्सव की खास बात यह है कि गणेश चतुर्थी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अवकाश घोषित किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने जो योजनाएं चलाई हैं उनका सीधा लाभ महिलाओं को मिल रहा है।

### सबका साथ सबका विकास जारी है- नीतू महेंद्र यादव

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव की परिकल्पना अनुरूप हमारी परिषद सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ कार्य कर रही है। नगर के सभी 33 वार्डों में रोड नाली पार्क बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करोडों रुपए की लागत से किया जा रहा है। मां नर्मदा लोक कोरीडोर के कार्य भी होंगे। राजघाट का जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ होना है।

# संतान की दीर्घायु के लिए माताओं ने रखा कठिन व्रत

## शिव पार्वती की पूजन अर्चन की, मालपुए का लगाया भोग

नर्मदापुरम (निप्र)। भादों माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी के अवसर पर शनिवार को संतान सप्तमी का व्रत महिलाओं ने किया। अपने बच्चों की लंबी उम्र, अच्छी सेहत, खुशहाली और संपन्नता के लिए पुत्रवती महिलाओं ने संतान सप्तमी का व्रत रखा। इस अवसर पर दोपहर के समय भगवान शिव-पार्वती का पूजन किया गया। इस दिन चांदी की चूड़ियां पूजन करके पहनने की परंपरा है। बाजार में साल में एक बार ही संतान सप्तमी के अवसर पर चांदी की चूड़ियां बड़ी मात्रा में बिकती हैं।

बीते कुछ दिन से सराफा बाजार में चांदी की चूड़ियों की अच्छी खासी बिक्री हुई। व्यापारी हीरालाल सोनी ने बताया कि इस बार चांदी के दामों में उछाल रहने से 10 ग्राम की चूड़ी 700 रुपये के हिसाब से बिकी हैं।

### द्वापर युग से चली आ रही है परंपरा

आचार्य पं नीरजेश त्रिपाठी ने बताया कि भादप्रद शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को संतान सप्तमी कहा जाता है। इस दिन माताएं अपने पुत्र एवं पुत्री की दीर्घायु कुशलता तथा उनके सुखद भविष्य के लिए उपवास रहकर प्रार्थना करती हैं। उन्होने बनाया कि द्वापर युग में श्रीकृष्ण एवं बलदाऊ की रक्षा के लिए देवकी ने व्रत रखा था तब से यह परंपरा चली आ रही है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की सभी माताएं अपनी संतान के लिए व्रत रखती है।

### मंदिरों में भी हुई पूजन अर्चन

सुबह नर्मदा जी में स्नानकर भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा अर्चना शुरू हुई। नर्मदा तट के सभी प्रमुख घाटों पर सुबह से ही महिलाएं पहुंच रही थी। अनेक महिलाएं विवेकानंद घाट के मंदिर में पूजा अर्चना कर रही थीं। अन्य घाटों पर भी स्नान के बाद देव मंदिरों में पूजन अर्चन का सिलसिला जारी रहा।

### मालपुए का लगाया भोग

व्रत पर्व के अवसर पर कई महिलाओं ने अपने घरों पर ही पड़ोस की महिलाओं के साथ पूजन अर्चन की। संतान सप्तमी के मौके पर महिलाओं ने सात मालपुए बनाकर भगवान को भोग लगाया। सात पुए खाकर ही महिलाओं ने व्रत रखा। इस दिन चांदी के कडे को पूजन स्थल में रखा जाता है। इस कारण चांदी के कडे अर्थात चूडियों की खूब खरीदी हुई। इसके साथ ही घाटों के पास लगी फूल मालाओं व पूजन सामग्री की भी खूब बिक्री हुई।

## स्तरीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में - बेटी अनिका ने स्वर्ण पदक जीतकर किया बनखेड़ी क्षेत्र का नाम रोशन

बनखेड़ी( निप्र)। रामदेव शुगर मिल उद्योगपति राजेश अनिता माहेश्वरी




की पोती एवं वैभव प्रज्ञा की बेटी अनिका ने द्वितीय मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैम्पियनशिप भोपाल में अंडर-11 वर्ग में विजेता होते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा अंडर-13 वर्ग में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। बेटी अनिका ने बनखेडी माहेश्वरी समाज साहित नगर का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर उन्हें सामाजिक बांधो एवं शुभचिंतकोंद्वारा बधाई देते हुए उनकेउज्जवल भविष्य की कामना की।

# द चैम्प्स फन स्कूल में सम्पन्न हुआ रंगारंग कलर वीक कार्यक्रम

## रंगारंग माहौल में बच्चों ने मिलकर बनाई गणेश जी की आकृति






नर्मदापुरम (निप्र)। ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल के प्री.प्राइमरी विभाग में इस सप्ताह बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ कलर वीक का आयोजन किया गया। पूरे सप्ताह बच्चों ने अलग-अलग रंगों को पहचाना उनसे जुड़ी गतिविधियाँ कीं और रंगों के महत्व को खेल-खेल में सीखा। कार्यक्रम का शुभारंभ 25 अगस्त सोमवार से हुआ जब थीम रंग ब्लू व्हाइट ;लड़के मेहरून और ग्रे; लड़कियां रहे। इस दिन बच्चों ने जल से जुड़ी गतिविधियों और रंगदृभराई के माध्यम से रंगों को पहचाना। 26 अगस्त मंगलवार को थीम रंग पीला ग्रीन लड़के पिंक और पर्पल; लड़कियाँ रहे। इस दिन बच्चों ने प्रकृति और पेड़ों से जुड़े रंगों को सीखा तथा क्राफ्ट कार्य किया।28 अगस्त गुरुवार को बेग ऑलिव ;लड़के रेड और ब्लैक ;लड़कियाँ रंगों की थीम रही जहाँ बच्चों ने ट्रैफिक सिग्नल और सुरक्षा से संबंधित जानकारी ली और रंगों की पहचान की।29 अगस्त शुक्रवार को ऑरेंज ब्राउन लड़के टील और क्रीम ;लड़कियाँ रंगों की थीम पर गतिविधियाँ हुईं। इस दिन की खास थीम में बच्चों ने फलों के महत्व को समझा और उनसे जुड़ा क्राफ्ट बनाया। 30 अगस्त शनिवार को कलर वीक का अंतिम दिन रेनबो डे के रूप में मनाया गया। बच्चों ने रंगदृबिरंगे कपड़ों में आकर इंद्रधनुष की सुंदरता को जीवंत किया। सुबह की असेंबली में बच्चों को इंद्रधनुष के सातों रंगों के बारे में कविता के माध्यम से बताया गया। इसके बाद रंगों की पहचान कराई गई और ग्राउंड में बच्चों से मिलकर गणेश जी की आकृति बनवाई गई जिसका फोटो सेशन हुआ। पूरे सप्ताह हर दिन बच्चों को उस दिन के रंगों से जुड़ा एक नया क्राफ्ट दिया गया और साथ ही उनकी ड्राइंग शीट के साथ फोटो शॉट भी कराया गया। इस पूरे कार्यक्रम की प्रभारी सुश्री आरती मालवीय और सुश्री प्रियंका खत्री रहीं।

सभी गतिविधियाँ द चैम्प्स फन स्कूल के कर्मशिला में संपन्न हुईं। कलर वीक का यह उत्सव बच्चों के लिए रचनात्मकता सीख और आनंद का अनोखा संगम साबित हुआ। जिससे बच्चों में उत्साह भी देखा गया।

## अकीदत के साथ मनाया जाएगा 1500वां जश्ने ईद मिलादुन्नबी

नर्मदापुरम (निप्र)। 5 सितंबर को बहुत अकीदत और मोहब्बत के साथ पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब का यौमे विलादत जन्मदिन मनाया जाएगा। इस सिलसिले में एक महत्वपूर्ण बैठक अंजुमन कमेटी द्वारा शहर क़ाज़ी अशफाक अली और नायब क़ाज़ी अलीम साहब की सदारत में अंजुमन स्कूल में आयोजित की गई हुजूर मुहम्मद मुस्तफा स.अ.का ये 1500 सौवां जश्ने विलादत है। इसको लेकर इस बार समाज के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है और तैयारियां जोरो पर है इस बैठक में शहर के तमाम कमेटी लोगो ने शिरकत की और अपने मशवरे रखे जुलूस 5 सितंबर दिन शुक्रवार सुबह 8.30 बजे सानी जामा मस्जिद बालागंज से निकलेगा जो शहर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ इंदिरा चौक पर समाप्त होगा। बैठक में जब्बार खान फैजान उल हक हाफिज अतीक डा मुबीन खान शेख हबीब नावेद कुरैशी शाकिर खान युनुस कुरैशी दिलावर बेग फैजान खान शहीद खान हाशिम अली रिजवान कुरैशी फरीद कुरैशी परवेज़ फाजली अलमास खान आदि मौजूद रहे।

## त्योहारी सीजन को दृष्टिगत रखते हुए नापतौल विभाग की सघन कार्यवाही

### नर्मदापुरम बाजार में चार प्रकरण दर्ज, व्यापारियों से सत्यापन कराने की अपील

नर्मदापुरम( निप्र)। कमिश्नर नर्मदापुरम संभाग कृष्ण गोपाल तिवारी के निर्देशानुसार विधिक मापविज्ञान (नापतौल) विभाग द्वारा नर्मदापुरम जिले में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। विभाग के प्रभारी सहायक नियंत्रक सलिल ल्यूक एवं आशीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में नर्मदापुरम बाजार की मिठाई दुकानों, किराना दुकानों एवं हार्डवेयर प्रतिष्ठानों में नापतौल उपकरणों एवं पैकेटबंद सामग्री की जांच की गई। इस दौरान चार प्रकरण दर्ज किए गए।अधिकारियों ने बताया कि त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए अब प्रतिदिन बाजार की मिठाई, किराना एवं हार्डवेयर दुकानों में नापतौल उपकरणों एवं पैकेटों की जांच की जा रही है। पैकेटों पर अंकित वजन एवं विवरण की भी बारीकी से जांच की जा रही है, ताकि उपभोक्ताओं को निर्धारित मानक के अनुसार ही सामग्री प्राप्त हो।

# राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पीएमश्री विद्यालय पहुंचे सांसद

## सांसद नवोदय विद्यालय पवारखेड़ा के प्रथम बैच के रहे हैं छात्र

नर्मदापुरम (निप्र)। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पीएमश्री विद्यालय पवारखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद दर्शन सिंह चौधरी सम्मिलित हुए। सांसद नवोदय विद्यालय पवारखेड़ा के प्रथम बैच के छात्र रहे हैं। उनके मन में हमेशा नवोदय विद्यालय के लिए श्रद्धा के भाव रहते हैं। इस अवसर पर उपस्थित बच्चों से संवाद करते हुए सांसद ने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व अनुशासन आत्मबल व पुन: उठ खड़े होने की क्षमता के विकास पर विचार साझा किए। साथ ही नवोदय विद्यालय द्वारा किए जा रहे सर्वांगीण विकास कार्यों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को शिक्षार्थ आइए सेवार्थ जाइए की शिक्षा को जीवन में उतारने का आह्वान किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ ही खेल भी जरूरी है। खेल के माध्यम से भी करियर बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान से खेल दिवस का महत्व और बढ़ गया है। तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस गतिविधियों का उद्देश्य देश में खेलों को सकारात्मक सोच और फिटनेस की ओर ले जाना है। प्रधानमंत्री के द्वारा खेलों को बढ़ावा देने व गांव में छुपी हुई प्रतिभा को उचित मंच प्रदान करने के लिए स्कूलों में अध्ययनरत छात्र.छात्राओं के लिए सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सांसद खेल महोत्सव की जानकारी देते हुए खेलों में अधिक से अधिक सहभागिता करने का आह्वान किया। उन्होंने छात्रों से पढ़ाई के साथ ही स्वस्थ तन और मन के लिए खेलों में भी भाग लेने की सलाह दी। मौके पर तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष योगेंद्र सिंह राजपूत सहित विद्यालय परिवार से अध्यापक एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।


**कार्यालय क्षेत्रसंचालक, सतपुडा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम, म.प्र.**

Phone No. 07574-254394(O) Fax, 07574-252133 E-mail:fdsatnp.hbd@mp.gov.in

नं.7007 **सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना** 26.08.2025

**ई-निविदा विज्ञप्ति**

सतपुडा टाइगर रिजर्व के अंतर्गत वर्ष 2025-26 विभिन्न योजना अंतर्गत विभागीय कार्य हेतु Cell क्रय करने के लिए प्रदायकर्ताओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दस्तावेज मध्य प्रदेश के www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनांक से दिनांक 10.09.2025 को सायं 05.00 बजे तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है।

| क्र. | | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रपत्र की उपलब्धता | निविदा प्रपत्र बेवसाइट www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 2. | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 500/- रूपये (पांच सौ रूपये मात्र) |
| 3. | धरोहर राशि | 9,000/- (रूपये नौ हजार रूपये मात्र) |
| 4. | निविदा प्रपत्र की ऑनलाईन उपलब्धता | www.mptenders.gov.in में प्रकाशन दिनॉक से |
| 5. | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं समय | दिनॉक 10.09.2025 को सायं 05.00 बजे तक |
| 6. | निविदा खोलने की तिथी व समय | दिनॉक 12.09.2025 को प्रात: 11:00 बजे |

ऋषिभा सिंह नेताम
भा.व.से.
उपसंचालक
सतपुड़ा टाइगर रिजर्व
नर्मदापुरम

जी/17963/25

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com